

रांची, बुधवार, 7 मई 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल 10 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 242 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ कैमरा, 'भूख' और सोशल मीडिया

रूबीना दिलैक ने दिखाया वेस्टर्न अवतार ◀◀ 6


## कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने दी ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी

# 25 मिनट की एयर स्ट्राइक और सब बर्बाद

- रात एक बजकर पांच मिनट और एक बजकर 30 मिनट के बीच चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर'
- पाकिस्तान के 100 किमी अंदर तक प्रहार

## 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त




एजेंसी

**नई दिल्ली :** सरकार और सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद थीं। इस दौरान बताया गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' रात एक बजकर पांच मिनट और एक बजकर 30 मिनट के बीच चलाया गया। इस दौरान आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर मिसाइल हमले किए और नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। भारत की स्ट्राइक की जद में पीओके में पांच और पाकिस्तान में चार आतंकी ठिकाने आए।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पीओके के आतंकी शिविरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 'मुजफ्फराबाद में शवाई नाला कैंप लश्कर-ए-तैयबा का कैंप है। 20 अक्तूबर, 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्तूबर, 2024 को गुलमर्ग और 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को यहीं प्रशिक्षित किया गया था।' उन्होंने मुजफ्फराबाद में सैयदना बिलाल कैंप पर स्ट्राइक की भी जानकारी दी, यह जैश-ए-मोहम्मद का कैंप है, जो हथियार, विस्फोटक और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में काम करता है। इसके साथ ही नियंत्रण रेखा (एलओसी) से 30 किलोमीटर दूर कोटली में गुलपुर कैंप को भी टारगेट किया गया। यह 20 अप्रैल, 2023 को पुंछ हमले और 9 जून, 2024 को तीर्थयात्रा बस हमले से जुड़े लश्कर आतंकियों का ठिकाना था। इसके अलावा भिमबेर में बरनाला कैंप को भी ध्वस्त किया गया, यह हथियारों और आईईडी की सप्लाई का केंद्र और ट्रेनिंग सेंटर था। ऐसे ही एलओसी से 13 किमी दूर एक अन्य कोटली कैंप में 15 आतंकवादियों की क्षमता वाले लश्कर के फिदायीन को प्रशिक्षित किया जाता था। इसे भी ध्वस्त किया गया।

## 'लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ'

इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसद हमले, मुंबई हमले, पुलवामा हमले और पहलगाम हमले के दृश्य दिखाए गए। सबसे पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पूरी जानकारी साझा की। उन्होंने बतायास कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। नौ ठिकानों की पहचान कर उन्हें बर्बाद किया गया। इन ठिकानों में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। ऑपरेशन सिंदूर के लिए इन लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ। इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

## 'भारत ने आतंकी हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया'

**इससे** पहले विक्रम मिस्री ने कहा, '22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बरतापूर्ण हमला किया। 25 भारतीयों और एक विदेशी नागरिक को कायरतापूर्ण तरीके से मार दिया गया। यह मुंबई हमले के बाद आतंकी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने की सबसे गंभीर घटना रही। इस हमले में वहां मौजूद लोगों को करीब से और उनके परिवार के सामने सिर पर गोली मारी गई। परिवार के सदस्यों को जानबूझकर आघात पहुंचाया गया। यह नसीहत भी दी गई कि वे हमले का संदेश पहुंचाएं। यह जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के लिए हुआ। इस हमले का उद्देश्य पर्यटन को प्रतिकूल रूप से नुकसान पहुंचाना था। पिछले साल यहां पौने करोड़ पर्यटक आए थे। आतंकियों का यह मकसद था कि इस इलाके को पिछड़ा रखा जाए। हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के उद्देश्य से भी था। हमने प्रयासों को विफल कर दिया। एक समूह ने खुद को रजिस्टेंस फ्रंट कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। यह प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष रिपोर्ट में इस संगठन के बारे में इनपुट दिए थे। इससे पाकिस्तान के आतंकी समूहों के मुखौटे के रूप में टीआरएफ की भूमिका सामने आई थी।'

उन्होंने आगे कहा, 'पहलगाम हमला भारत में सीमा पार आतंकवाद को अंजाम देने के पाकिस्तान के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड से जुड़ा है। पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकियों की शरणस्थली के रूप में पहचान बना चुका है। वहां आतंकी सजा पाने से बचे रहते हैं। साजिद मीर को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था, अंतरराष्ट्रीय दबाव में वह जीवित पाया गया, इससे स्पष्ट उदाहरण मिलता है। पहलगाम हमले के बाद भारत के सभी राज्यों में आक्रोश देखा गया। यह आवश्यक समझा गया कि हमले के आरोपियों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। पाकिस्तान ने कार्रवाई करने के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया। भारत के विरूद्ध आगे भी हमले होने का खतरा है, इसलिए इससे निपटना आवश्यक समझा गया।'

विदेश सचिव ने कहा कि आज सुबह भारत ने सीमा पार हमलों को रोकने और उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। यह कार्रवाई नपी-तुली और बिना उकसावे वाली रही। यह भारत भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रेस वक्तव्य जारी कर आतंक के प्रायोजितों को न्याय के कटघरे में लाने पर जोर दिया गया था। भारत की कार्रवाई को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

## पीएम मोदी ने दिया था ऑपरेशन सिंदूर नाम

- सेना के एयरस्ट्राइक से पहलगाम के गुहनगारों को मिट्टी में मिलाया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंवादियों के ठिकानों को एयरस्ट्राइक कर ध्वस्त किया है। सेना के इस अभियान को नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया है। अब ये बात निकलकर सामने आई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही एयरस्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा था।

पीएम ने एक हफ्ते पहले ही बैठक में कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के दौरान आतंकवादियों ने पुरूषों को टारगेट किया था। उनके इस हमले से कई महिलाएं विधवा हो गई। हमें जवाब देना है और ये दिखाना है कि भारत से ऐसे ही जाने नहीं देगा. इसके बाद पीएम मोदी ने खुद ही इस सैन्य ऑपरेशन का नाम मिशन सिंदूर रखा।

बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले में आतंकियों ने चुन-चुन पर पुरुषों को निशाना बनाया था और पत्नियों के सामने ही उनके पतियों को गोली मार दी थी। आतंकियों ने ना बच्चों को टारगेट किया था और ना ही महिलाओं को टारगेट किया था। उन्होंने परिवारों के सामने पुरुषों को चुन-चुन कर और धर्म पूछकर मारा था। इसको लेकर देश में काफी गुस्सा था। जिस तरह से



महिलाओं के सामने उनके सिंदूर को उजाड़ दिया गया था, उसके लेकर भारवासियों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा था।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए संतोष जगदाले की पत्नी प्रगति जगदाले ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा, इसके लिए मैं आभार व्यक्त करती हूं क्योंकि पीएम मोदी पाकिस्तान को ये दिखा दिया कि हम भी चुप बैठने वालों में से नहीं हैं। वहीं, आतंकी हमले में मारे गए कौस्तुभ गणबोटे की पत्नी संगीता गणबोटे ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, इन्होंने जो कार्रवाई की है वो एकदम सही किया है और ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं को सम्मान भी दिया है।

## जायलो और बाइक के बीच भीषण टक्कर, 4 की मौत

**पलामू :** जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव का है। बताया जा रहा है कि जायलो गाड़ी और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जायलो और बाइक दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 2 अन्य का इलाज जारी है।

## हमले में मारा गया आतंकी मसूद अजहर का पूरा परिवार,जैश प्रमुख बोला-मैं भी मर जाता

**नई दिल्ली :** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में चलाये गये एयरस्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर में जैश ए मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 14 सदस्यों की मौत हो गई। यह हमला भारत की सीमा से 100 किमी दूर हुआ। रिपोर्ट्स में मसूद अजहर की बहन और उनके परिवार के सदस्यों की मौत की बात कही गई है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक स्ट्राइक के वक्त मसूद अजहर की बड़ी बहन, मौलाना कशफ का पूरा परिवार, मुफ्ती अब्दुल रऊफ के पोते, बड़ी बेटी शहीद बाजी सादिया अपने पति और चार बच्चों के साथ घर में सो रहा था। हमले में 14 की मौत हो गई है, जबकि कुछ लोग घायल हुए हैं। वहीं हमले के बाद मसूद अजहर ने अपना बयान जारी किया है। मसूद का कहना है कि घर के 10 लोगों के मौत की अभी पुष्टि हुई है। मसूद के मुताबिक स्ट्राइक में 5 बच्चे मारे गए हैं। कुछ महिलाओं के भी मरने की खबर है। इसके अलावा मसूद के बहनोई भी स्ट्राइक में ढेर हो गया है।परिवार के खत्म होने पर मसूद अजहर रोया है। उसने बयान जारी कर कहा है कि मैं भी मर जाता।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच छत्तीसगढ़ में 18 नक्सली ढेर, सर्च अभियान जारी

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के करेगुट्टा की विशाल और दुर्गम पहाड़ियों में पिछले दो सप्ताह से सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार देर रात एक बड़ी मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने 18 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सलियों के मारे जाने का आंकड़ा बढ़ सकता है। मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

यह ऑपरेशन पिछले 15 दिनों से लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें कई



नक्सलियों को मार गिराया जा चुका है। करेगुट्टा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए तलाशी अभियान को चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा है, लेकिन सुरक्षाबल के जवान तलाशी और गश्त अभियान चला रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो इस क्षेत्र में कुछ शीर्ष नक्सली नेताओं और बटालियन नंबर एक की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिली थी। जिसके आधार पर ऑपरेशन को तेज किया गया। संभावना जताई जा रही है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या अभी और बढ़ सकती है, क्योंकि कई अन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी है।

हालांकि, इस मुठभेड़ को लेकर अभी तक स्थानीय पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। करेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र पहले भी नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता रहा है। ऐसे में सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई इस पूरे इलाके में नक्सली नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।


झारखण्ड सरकार

ऑपरेशन अभ्यास

(केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार)

आपातकालीन तैयारी का अभ्यास

सायरन अलर्ट को समझें

(हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का मतलब जानें। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता आपको इसका प्रशिक्षण देंगे)

हवाई हमले से बचाव के तरीके सीखें

(नागरिकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होंगे। हमले से बचाव के तरीके सीखें)

क्रैश ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन करें

(शहर की बिजली एक साथ बंद हो सकती है ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। घबराएं नहीं, यह सुरक्षा के लिए है)

निकासी योजना में सहयोग दें

(आपातकाल में सुरक्षित निकासी के लिए मॉक ड्रिल में हिस्सा लें)

- यह अभ्यास झारखण्ड के केवल 5 जिले **रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, साहेबगंज और गोड्डा में होगा**
- ब्लैकआउट के दौरान वैकल्पिक **बिजली व्यवस्था, जैसे जनरेटर, इन्वर्टर या टॉर्च आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए**
- ब्लैकआउट के दौरान सभी **खिड़कियों को मोटे पर्दे से ढक देना चाहिए**
- लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान **अधिकारियों के साथ सहयोग करना चाहिए**
- जिला प्रशासन आपातकालीन निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए **कुछ सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर सकता है**
- आम जनता से अनुरोध है कि **शाम 4 से 7 बजे घरों की बिजली ना जलाएं और गाड़ियों के हेडलाइट बंद रखें**

7 मई 2025 को शाम 4 बजे से होने वाले नागरिक सुरक्षा

मॉक ड्रिल में भाग लें

जागरूक रहें, सुरक्षित रहें!

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार PR- 351811 (IPRD) 2025-26

## न्यूज़ ब्रीफ

### विनोबा भावे और सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय को मिला स्थायी कुलपति



**रांचीः** लंबे इंतजार के बाद झारखंड के दो विश्वविद्यालय को स्थायी कुलपति मिल गया है। दोनों कुलपतियों का कार्यकाल तीन साल का होगा। पिछले कुलपति का कार्यकाल पूरा होने के बाद से यह पद खाली था या फिर प्रभारी पदाधिकारी देख रहे थे।

हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल से की मुलाकात, मुख्यमंत्री ने विदेश दौरे को लेकर दी जानकारी

मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार के बीच हुई मुलाकात के बाद दोनों विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर और स्कूली शिक्षा के निदेशक के रूप में कार्यरत चंद्रभूषण शर्मा को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग का कुलपति नियुक्त किया गया है।गौरतलब है कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव का कार्यकाल 31 मई 2023 को समाप्त हुआ था। उसके बाद से यह पद रिक्त था।

महासचिव विनोद पांडे का बड़ा बयानः वहीं, रांची विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत कुनूल कंदीर को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका का कुलपति नियुक्त किया गया है। इनका भी कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।

### युवती ने बाथरूम में खुद को लगाई आग, मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पलामू :** जिले में एक दिल दहला देने वाला बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां एक 19वर्षीय युवती ने खुद को आग के हवाले कर अपनी जान दे डाली।

जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र में 2 नंबर टाउन इलाके की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि युवती ने बाथरूम में जाकर अपने ऊपर केरोसिन तेल छिड़ककर आग लगा ली। पड़ोसियों ने जब बाथरूम से धुंआ निकलता देखा तो पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को बाहर निकाला लेकिन लड़की की आग में झुलसकर मौत हो चुकी थी। हालांकि युवती ने किन कारणों से अपनी जान दी इसका अभी खुलासा नहीं हो सका।

इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेजा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं




**चतराः** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति से संबंधित, कल्याण विभाग से संबंधित, स्वास्थ्य से संबंधित, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना समेत अन्य मामले शामिल है।

जनता दरबार मे मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### बीडीओ ने जनप्रतिनिधि व प्रखंड कर्मियों के साथ की साप्ताहिक बैठक



गिद्धौर (चतरा): प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीडीओ राहुल देव ने मंगलवार को मुखिया,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,आवास कॉर्डिनेटर के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य बरसात से पहले पूर्ण करने का निर्देश दिया।अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने व भुगतान करने का निर्देश दिया।इसके साथ आम बागवानी को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में दो-दो एकड़ जमीन में गढ़ा खोदने का निर्देश दिया।बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह,मुखिया निर्मला देवी,जगदीश यादव, सुमीरा कुमारी,बेबी देवी, डेगन गंझु,पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय,उज्वल सिंह,चितरंजन शर्मा,सहायक अभियंता मनोज कुमार,कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा,रोजगार सेवक प्रदीप कुमार,सतेंद्र कुमार वर्मा,निर्मल दांगी,पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं का हुआ नेत्र जांच

**गिद्धौर (चतरा):** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की डेढ़ दर्जन छात्राओं का नेत्र जांच किया गया। विद्यालय की छात्रा वार्डेन बिंदु पोद्दार के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।यहां चिकित्सक डॉ कृष्णा कुमार ने छात्राओं का नेत्र की जांच की।वहीं कई छात्राओं का सिरदर्द समेत अन्य की जांच किया गया। बताया गया कि विद्यालय के छात्राओं का स्वास्थ्य जांच हमेशा कराया जाता है।इसी दौरान कई छात्रा सर दर्द होने की बात वार्डेन से कही। जिसे लेकर वार्डेन ने छात्राओं का सर दर्द समेत अन्य की जांच करवाई।

## संविधान बचाओ रैली' में बोले मल्लिकार्जुन खरगे

# आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस करेगी समर्थन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए इस बात को दोहराया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस समर्थन करेगी तथा सरकार के साथ खड़ी होगी।

खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा, 22 अप्रैल को देश में एक बहुत बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 बेगुनाह लोग मारे गए। सरकार ने यह माना कि ये खुफिया विफलता है और इसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया, जब आपको यह (खुफिया विफलता) मालूम है, पहले ही अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की गई?" खरगे ने इस बात पर जोर दिया, जब आप चूक को मान रहे हैं तो इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आपको लेनी चाहिए।"




मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों के खिलाफ लड़ने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसका पूरा समर्थन करेंगे।" बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने कम से कम 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे। भारत ने इस भयावह घटना के लिए पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार बताया है।

खरगे ने रैली में इस बात का उल्लेख भी किया कि वह पिछले वर्ष झारखंड में इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने के बाद पहली बार रांची पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, मैं सभी झारखंडवासियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूं। हम सबने आपकी वजह से बहुमत हासिल किया और आज झारखंड में एक मजबूत सरकार चल रही है। हम सभी जनता से किए वादे निभा रहे हैं। हमारी सरकार के मंत्री, विधायक सभी मिलकर जनता के लिए अच्छे से काम कर रहे हैं। इसके लिए मैं इन सब को भी धन्यवाद देता हूं।" झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी शामिल हैं।

## सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने हजारीबाग क्षेत्र का किया दौरा

### नवस्थापित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम व आरएफआईडी आधारित बूम बैरियर प्रणाली का किया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने हजारीबाग क्षेत्र का दौरा किया और हाल ही में स्थापित किए गए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (श्ळर) तथा आरएफआईडी आधारित बूम बैरियर व्यवस्था की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इन तकनीकी व्यवस्थाओं को चेक पोस्टों एवं वजन पुलों (वेटब्रिज) पर पारदर्शिता बढ़ाने और संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लगाया गया है।



दौरे के दौरान, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने क्षेत्र में संचालित सभी प्रमुख परियोजनाओं का निरीक्षण किया और संपूर्ण प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया। उन्होंने उपस्थित क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि संचालन को और अधिक सुगम, पारदर्शी और कुशल बनाया जा सके।

श्री कुमार एवं टीम ने कोतरे बसंतपुर परियोजना का भी दौरा किया और वहाँ की संचालन प्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने तकनीकी समाधानों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सीसीएल निरंतर पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाने की दिशा में अग्रसर है। यह दौरा कंपनी के सतर्कता तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

## बंद पड़े पत्थर खदान में दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**खूंटी :** दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की बंद पड़े क्रेशर के पानी में डूबने से मौत हो गई। युवक के शव को एनडीआरएफ की टीम द्वारा 24 घंटे के बाद निकला जा सका। खूंटी जिला के कर्रा थाना क्षेत्र के लड़ता पंचायत के सुआरी जलटांडा तेतरटोली गांव में काफी साल से बंद पड़े एक पाथर क्रेशर में 34 वर्षीय युवक आलोक जेंडर धान की डूबने से मौत हो गई। आलोक अपने कुछ दोस्तो के साथ नहाने के लिए गांव से कुछ दूर बंद परे पत्थर क्रेशर गया था। नहाने के क्रम में पैर पिसलने से युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आलोक के दोस्तों ने इसकी जानकारी गांव में दी। जब तक लोग घटना स्थल पर पहुंचते तब तक आलोक डूब चुका था। लोगो ने युवक से शव को निकालने की काफी कोशिश की पर क्रेशर की गहराई ज्यादा होने के कारण,



काफी प्रयास के बाद भी शव को नहीं निकला जा सका। लोगो ने बताया कि इस बंद क्रेशर की गहराई लगभग 40 से 50 फीट है और युवक की बॉडी नीचे चट्टानों ने फंस गई है, जिस कारण निकाल पाना संभव नहीं है। हालांकि लोगो ने उस जगह को चिन्हित कर लिया था जहां युवक का शव फंसा था। काफी प्रयास के बाद भी जब लोगों के द्वारा शव को नहीं निकला जा सका तो एनडीआरफ की सहायता ली गई। जानकारी मिलने पर एनडीआरफ की टीम घटना स्थल पर पहुंची और गोताखोरों की सहायता से 24 घंटे के बाद मृत युवक का शव को 40 फीट की गहराई से निकाला गया। एनडीआरफ की टीम द्वारा शव को कर्रा पुलिस को सौंप दिया गया। जिसे अंत्यपरीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। अंतपरीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### तीन वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**पिपरवार (चतरा):** पिपरवार पुलिस ने समकालीन अभियान चलाकर फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को यह सफलता मिली है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बीते रात्रि को पिपरवार पुलिस के द्वारा समकालीन अभियान चलाया गया,जिसके तहत पिपरवार थाना मे दर्ज कांड संख्या के फरार तीन वारंटी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वारंटी में तिलक राम उर्फ तिलक डोम पिता स्वर्गीय सोहन राम ग्राम बचरा थाना पिपरवार जिला चतरा,सुनील कुमार पिता स्वर्गीय गणेश नायक ग्राम बचरा थाना पिपरवार जिला चतरा और विनोद उरांव पिता लालदेव उरांव ग्राम लरंगा थाना टंडवा जिला चतरा का नाम शामिल है।गिरफ्तार किए गए तीनों वारंटी के खिलाफ पिपरवार थाना में मामला दर्ज था और पुलिस को काफी लंबे से तीनों की तलाश थी। पूछताछ के बाद तीनों वारंटी को चतरा जेल भेज दिया गया है।

## सभी पुराने, जीर्ण-शीर्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवनों का होगा कायाकल्प




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के प्रसिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय रिम्स के साथ राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के पुराने और जीर्ण भवनों का कायाकल्प होगा। कंडम घोषित भवन ध्वस्त होंगे और जिन भवनों में मरम्मती की जरूरत होगी, उनकी मरम्मती की जाएगी। अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस संबंध में रिम्स के साथ-साथ सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को तीन दिन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

पत्र के माध्यम से अपर मुख्य सचिव ने रिम्स के साथ-साथ सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को निर्देश देते हुए कहा है कि जमशेदपुर जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ भवनों का निरीक्षण करें और जो भवन बिल्कुल क्षतिग्रस्त हैं और कंडम घोषित करने के सभी

### कंडम घोषित भवन होंगे ध्वस्त

मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें कंडम घोषित करते हुए ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाए। यदि क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मती की आवश्यकता हो तो उसकी मरम्मती की जाए। इसके लिए कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग से प्राक्कलन तैयार कराते हुए मरम्मत की कार्रवाई की जाये। क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मती विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन तथा अनुरक्षण योजना और विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत प्राप्त क्लेम की राशि से की जा सकती है। इस निमित्त यदि अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो तो विभाग से इसकी मांग की जाय। अपर मुख्य सचिव ने तीन दिनों के अंदर उक्त निर्देश का अनुपालन करते हुए विभाग को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

## कटे ओंठ और तालू के मरीजों के लिए निशुल्क ऑपरेशन





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**खूंटी :** जिले में अल्मा मेटर और इंगा हेल्थ फाउंडेशन के सौजन्य से स्माइल ओप्रशन के तत्वावधान में जन्म सेकटे ओठ और तालू की समस्या से जूझ रहे शिशुओं और सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए एक विशेष निशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर अल्मा मेटर खूँटी के प्रांगण में आयोजित किया गया है ।

परामर्श शिविर में विशेषज्ञ स्माइल ऑपरेशन के शुभम विश्वास खूंटी पहुंचे जो इन समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की। खूंटी के अल्मा मेटर में जन्मजात कटे ओठ और तालू की समस्या से जूझ रहे 9 शिशुओं का जांच हुई। जांच सीवर में आए एक शिशु उम्र 8 महीना और वजन भी कम था। जिसे संस्था द्वारा 3 महीने का दूध और दवा भी मुफ्त उपलब्ध कराया गया । शिशु के ओंठ का ऑपरेशन 3 महाने के बाद होगा । बाकी बच्चों का 10 मई को क्षितिज हॉस्पिटल हजारीबाग मे निशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा । मरीज के साथ उनके दो परिजनों का आने जाने, रहने और खाने का खर्च भी संस्था की ओर से की जायेगी। यह पहल उन जरूरतमंद परिवारों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो आर्थिक तंगी के कारण इस प्रकार के उपचार से वंचित रह जाते हैं।

# बीएयू में 19 पदों पर होगी संविदा नियुक्ति, आवेदन आमंत्रित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न संवर्गों के 19 पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार, सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रम, आइसीएआर और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की सेवा से अवकाशप्राप्त लोगों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं । इन पदों पर नियुक्तियां आरंभिक रूप से 6 महीने के लिए होंगी जिसे संतोषप्रद पाए जाने पर विश्वविद्यालय के परिनियम तथा झारखण्ड सरकार के वित्त विभाग के संकल्प में निहित प्रावधानों के आलोक में विस्तारित किया जा सकता है ।

पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 मई है । अकादमिक प्रशासन से जुड़े पदों के लिए आवेदन शुल्क अनारक्षित, आर्थिक रूप से कमजोर तथा पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिए 1500 रु तथा एससी/ एसटी उम्मीदवारों के लिए 375 रु है । शेष सभी पदों के लिए आवेदन शुल्क अनारक्षित, आर्थिक रूप से कमजोर तथा पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिए 1000 रु तथा एससी/ एसटी उम्मीदवारों के लिए 250 रु है, जिसे ऑनलाइन जमा करना होगा ।



फूलो झानो मुर्मू दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, हंसडीहा, दुमका, रबीन्द्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय, देवघर, तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा, कृषि महाविद्यालय, गढ़वा, मात्सियिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला तथा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, रांची में एसोसिएट डीन के पद पर वैसे अवकाशप्राप्त लोग आवेदन कर सकते हैं जिनकी उम्र 1 अगस्त, 2025 को 63 वर्ष से अधिक नहीं है क इस पद के लिए अर्हता सम्बंधित विषय में पीएच डी डिग्री, प्रकाशित अनुसंधान कार्य तथा कॉलेज/ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर/ एसोसिएट प्रोफेसर सहित कुल 15 वर्षों का शिक्षण/ अनुसंधान/ प्रशासन का अनुभव है ।

विश्वविद्यालय मुख्यालय में अपर निदेशक प्रसार शिक्षा तथा चियांकी (पलामू), दरिसाईं (पूर्वी सिंहभूम) एवं दुमका स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों के एसोसिएट डायरेक्टर के पदों पर आवेदन के लिए भी अधिकतम उम्र सीमा 63 वर्ष है क कृषि/ पशुचिकित्सा विज्ञान/ वानिकी में पीएच डी डिग्री तथा शिक्षण/ अनुसंधान/ प्रसार शिक्षा का 10 वर्षों का अनुभव आवश्यक है ।

उप निदेशक (कार्य एवं संयंत्र), उप निदेशक प्रशासन, कनीय अभियंता (सिविल), सुरक्षा पदाधिकारी तथा सुरक्षा पर्यवेक्षक के पदों के लिए भी अवकाशप्राप्त सरकारी कर्मी आवेदन कर सकते हैं क मेडिकल ऑफिसर तथा विधि सहायक के पदों पर नियुक्ति के लिए अवकाशप्राप्त सरकारी कर्मी के साथ-साथ फ्रेश उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं क विधि सहायक के लिए कानून में स्नातक डिग्री, कंप्यूटर का ज्ञान तथा प्रतिष्ठित संस्थान में दो वर्षों का विधिक कार्य का अनुभव आवश्यक है । मेडिकल ऑफिसर के लिए अर्हता चिकित्सा विज्ञान में स्नातक डिग्री, मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में पांच वर्षों का अनुभव है क सभी पदों के लिए चयनित अवकाशप्राप्त कर्मियों के फिक्स्ड मासिक मानदेय का निर्धारण झारखण्ड सरकार के वित्त विभाग के संकल्प में निहित प्रावधानों के तहत होगा क योग्यता, नियम, शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। बीएयू परिनियम के अनुसार वर्तमान में स्थाई नियुक्ति का अधिकार झारखण्ड लोक सेवा आयोग तथा झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को है ।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने की 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना, सोशल मीडिया एक्स पर लिखा-

# भारत माता की जय, जय हिंद 'ऑपरेशन सिंदूर'

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पाकिस्तान एवं उसके कब्जे वाले कश्मीर में सुरक्षा बलों द्वारा अंजाम दिए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की। मुख्यमंत्री सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर लिखा, "जय हिंद...ऑपरेशन सिंदूर" जबकि राज्यपाल संतोष गंगवार ने एक्स' पर लिखा, भारत माता की जय! जय हिंद! ऑपरेशन सिंदूर।" वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की इस कार्रवाई का स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश को अपनी सेना पर गर्व है और यह अभियान आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों को करारा जवाब है।





बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बीते मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। पहलगाम हमले के 2 सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर' के तहत ये सैन्य हमले किए गए। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी।

## देश की बेटियों के सिंदूर का बदला ले लिया गया : चंपाई सोरेन

संवाददाता

**रांचीः** भारत ने पाकिस्तान से पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। भारत ने पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद समेत 9 आतंकी ठिकानों को मिसाइल से हमले से तबाह कर दिया है। वहीं, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी जाहिर की है।

हर भारतीय को अपनी सेना पर गर्व हैः चंपाई सोरेन ने कहा कि आतंकिस्तान की कमर तोड़ दी गई है। देश की बेटियों के सिंदूर का बदला ले लिया गया है। आज सारी दुनिया ने देखा कि भारत अपने ऊपर हुए ऐसे किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, हर भारतीय को अपनी सेना पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के दुश्मनों को अकल्पनीय सजा देने का जो वादा किया था, वह पूरा हुआ। भारत के खिलाफ उठने वाली हर आतंकी/ अलगाववादी



ताकत को इसी प्रकार नेस्तनाबूद कर दिया जायेगा। अमेरिका, इजरायल समेत पूरी दुनिया आज जिस प्रकार भारत के साथ खड़ी दिख रही है, वह वैश्विक परिदृश्य में भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है।

बता दें कि भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों पर बड़ा मिसाइल हमला किया है। इस हमले में सभी आतंकवादी अड्डों को ताकतवर बमों से पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इस हमले में लगभग 250 आतंकी और उनके परिजनों के मारे जाने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक भारत ने हमला 7 मई की रात 1:45 बजे के करीब किया। यह ऑपरेशन पूरी तरह गोपनीय रखा गया और अचानक हमला कर आतंकियों के कई अड्डों को नष्ट किया गया। भारत ने यह हमला अपनी सीमा के अंदर रहकर किया, यानी किसी अंतरराष्ट्रीय नियम का उल्लंघन नहीं हुआ। भारतीय वायुसेना ने जिन आतंकवादी अड्डों को निशाना बनाया, उनमें बहावलपुर, मुरीदके और सियालकोट और कोटली व मुजफ्फराबाद जैसे इलाके शामिल हैं। इन इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंप और अड्डे मौजूद थे। इस ऑपरेशन का नाम उन महिलाओं की क्षति को दर्शाता है, जिनके साथी उनकी आंखों के सामने बेरहमी से मारे गए थे। भारतीय सेना द्वारा जारी की गई एक तस्वीर में ऑपरेशन सिंदूर बड़े अक्षरों में लिखा है। सिंदूर में एक 'ओ' सिंदूर की एक कटोरी है। इसका कुछ हिस्सा बह गया है, जो उस निर्दयता का प्रतीक है जिसने 25 महिलाओं के जीवन साथी को छीन लिया।

रांची में मॉक ड्रिल आज

## डोरंडा में किया जाएगा अभ्यास, बजेंगे सायरन, घबराएं नहीं

- शाम चार से रात सात बजे तक होगा मॉक ड्रिल
- यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

संवाददाता

**रांचीः** आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा को लेकर बुधवार 7 मई को रांची के डोरंडा क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार 'ऑपरेशन अभ्यास' के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इस संबंध में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी-सह-जिला आपदा पदाधिकारी मंजूनाथ और डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने मंगलवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मॉक ड्रिल की जानकारी दी।



उपायुक्त भजंत्री ने बताया कि रांची के डोरंडा क्षेत्र में दोपहर चार से सात बजे तक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सायरन बजने पर नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह केवल एक अभ्यास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस दौरान धैर्य रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

**लाइट्स और अन्य बिजली उपकरण बंद रखेंः** उपायुक्त भजंत्री ने डोरंडा क्षेत्र के निवासियों से मॉक ड्रिल के समय अपने घरों की लाइट्स, वाहन की लाइटें और जनरेटर आदि बंद रखने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि यह एक नियंत्रित और पूर्व-निर्धारित अभ्यास है, जिससे आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा जा सकेगा।

**यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्थाः** मॉक ड्रिल के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर डोरंडा क्षेत्र में वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित समय में डोरंडा क्षेत्र में यातायात के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। प्रशासन द्वारा विभिन्न वीडियो संदेशों के माध्यम से नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा उपायों को लेकर जागरूक भी किया जाएगा। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी इस अभ्यास की जानकारी दें और सतर्क रहें।

## पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया बहनों के सिंदूर का जबाव : संजय



**रांचीः** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर की गयी सैन्य कार्रवाई पर गैलक्सी मॉल के पास मिठाइयां बांटी, आतिशबाजी की व तिरंगा फहराया। संजय कुमार जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। आतंकवादियों ने जिस तरह कायराना हरकत की, बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया उसने पूरे देश को झकझोर दिया था। आज इस ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल मेरी उन बहनों को न्याय दिलाने का काम किया है बल्कि पूरे भारत को एक संतोष की अनुभूति हुई है। हमारा देश उन वीर सैनिकों का है जो मुंह तोड़ जवाब देना जानता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललित नारायण ओझा, शुभम कुमार जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, सुजीत वर्मा, ललन सिंह, राजू शर्मा, कुंदन कुमार, सुरेंद्र चौधरी, दिनेश कुमार, रिंकू कुमार सहित सैकड़ो आम नागरिक उपस्थित थे।

## भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान को करारा जवाबः तुषार

**रांचीः** शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता व श्री राम कृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को और अधिक आक्रामक रूप देते हुए सोमवार रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया जाना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सेना प्रमुख द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय है। इस गुप्त ऑपरेशन के तहत भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इसके बाद भी पाकिस्तान यदि अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है, तो उसे बुरे अंजाम भुगतने होंगे।



श्री शीट ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या का भारत का करारा जवाब है। पाकिस्तान द्वारा भारत पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम बिल्कुल सही हैं।

## हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन आज पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के सुपुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होने हेतु बोकारो जिला के ग्राम अलारगो स्थित उनके आवास पहुंचे। वहां उन्होंने नव दंपति को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए अशेष शुभकामनाएं तथा आशीर्वाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व मंत्री बेबी देवी तथा उनके परिजनों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## रिम्स की स्थिति सुधारने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिले निपु सिंह

**रांचीः** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से मिलकर रिम्स की स्थिति सुधारने को लेकर पत्र सौंपा। सिंह ने पत्र के माध्यम से कहा कि झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल रिम्स है जहां हजारों से अधिक लोग प्रतिदिन रिम्स में इलाज कराने आते हैं लेकिन रिम्स की स्थिति बहुत ही खराब है। उन्होंने कहा कि रिम्स में डॉक्टर, नर्स, बेड, ऑक्सीजन, जांच मशीन और दवा की संख्या बढ़ाया जाए और रिम्स के आसपास जितने भी दवा दुकान है उसमें 20 प्रतिशत की छूट कराई जाए साथ-साथ सभी दवा दुकानों की शुद्धता की जांच की जाए और उन्होंने कहा कि जितने भी डॉक्टर हैं वह प्राइवेट क्लीनिक में अगर इलाज करते हैं तो उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई कि जाए। उन्होंने रिम्स के जर्जर बिल्डिंग पर भी सवाल उठाया और कहा कि सभी की रिपेयरिंग करने की जरूरत है। रिम्स जाने के बाद बहुत दुख होता है उसकी स्थिति को देखकर कई गरीब भरोसे के साथ दूर-दूर से रिम्स आते हैं लेकिन दवा -बेड नहीं रहने के कारण उनको बहुत दिक्कत होती है। श्री सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया कि सभी समस्याओं को जल्द से जल्द खत्म करें।

## श्री शनिदेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर निकाली गयी कलश यात्रा



मेट्रो रेज

**रांची :** श्री शनिदेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर आज श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति ट्रस्ट, साउथ रेलवे कॉलोनी, टाइप ए, चुटिया, रांची के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम से संपन्न हुआ। इस भव्य शोभायात्रा में रांची व आस-पास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु महिलाएं सिर पर पवित्र जल से भरे कलश लेकर पारंपरिक वस्त्रों में सज-धज कर शामिल हुईं, जिनकी सहभागिता ने इस आयोजन को एक भव्य और आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया।

कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई तपोवन मंदिर परिसर पहुँची। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा, भजन-कीर्तन एवं जल सेवा का आयोजन किया गया। वातावरण जय शनिदेव महाराज की और हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

समिति के संरक्षक रोशन सिंह, अध्यक्ष राम सिंह, सचिव उज्ज्वल आनंद, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीश कुमार ने जानकारी दी कि यह आयोजन 7 से 10 मई तक चलेगा, जिसमें विभिन्न वैदिक अनुष्ठान, नगर भ्रमण, हवन-पूजन, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

इस कलश यात्रा ने समाज में अध्यात्म, संस्कृति और स्त्रीशक्ति के महत्व को एक नई पहचान दी।

## संविधान की हत्या करने वाले आज चले हैं संविधान बचाने : सुनील सिंह

मेट्रो रेज

**रांचीः** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि संविधान की हत्या करने वाले कांग्रेसी चले हैं, आज संविधान बचाने? कहा कि आजादी के बाद से आज तक संविधान का यदि किसी ने उल्लंघन किया है, तो वह है कांग्रेस पार्टी! देश में आपातकाल लगाकर किसने संविधान की धज्जियां उड़ाई थी? श्री सिंह ने कहा कि संविधान की हत्या का सबसे बड़ा प्रयास तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी द्वारा 1975 में इमरजेंसी के दौरान हुआ था, जब लोगों के अधिकार को समाप्त कर दिया गया था। विपक्षी नेताओं को नजरबंद कर जेलों में डाला गया था। 42वें संशोधन के जरिए पूरा संविधान का स्वरूप बदलने की कोशिश, 38 वें संशोधन के माध्यम से न्यायपालिका की न्यायिक समीक्षा करने का अधिकार छीन लिए लिया गया था। पंडित नेहरू ने प्रथम संविधान संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी पर कड़ा प्रहार किया था, ताकि सरकार की आलोचना करने वाले पर कार्रवाई की जा सके। कहा कि लगभग 60 वर्षों के शासन में 79 बार संविधान में संशोधन करने वाली कांग्रेस पार्टी आज संविधान बचाने की ढोंग कर रही है। लोकसभा द्वारा पारित पेसा कानून 1996 को झारखंड में कांग्रेस द्वारा लागू नहीं करवाना भी संविधान का उल्लंघन हीं है? उन्होंने डीजीपी अनुराग गुप्ता मामले में कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार द्वारा अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाए रखना कौन सा संविधान संगत है? जबकि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल 2025 को ही सेवानिवृत हो चुके हैं। झारखंड की जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन के हेमंत सोरेन सरकार से पूछना चाहती है, जानना चाहती है कि कौन सा संविधान की नियम के तहत अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाए रखा गया है? आखिर हेमंत सरकार का अनुराग गुप्ता के साथ संबंध क्या है? आखिर दोनों में कौन सा डील या सौदा हुआ है? जो उन्हें डीजीपी बनाए रखना चाहते हैं? जबकि केंद्र ने राज्य सरकार के जवाब को खारिज करते हुए, इसे सेवा अधिनियम और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन बताया है।



कहा कि जिस समय पूरे देश को एकजुट रहने की जरूरत है, उस समय कांग्रेस झूठ और अफवाह फैलाकर देश के भीतर दरार पैदा कर रही है। कहा कि रांची में कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे केंद्र सरकार पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लग रहे हैं कि केंद्र सरकार को पहलगाम हमले की पहले से जानकारी थी, और उन्हें इंटेलिजेंस रिपोर्ट पहले ही मिल गई थी? इस बयान में लेस मात्र भी सच्चाई नहीं है, यह बयान तथ्यहीन व आधारहीन है। कहा कि कांग्रेस कांग्रेसी अपने शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार और घोटाले के मामले में संभावित कार्रवाई से कांग्रेसी भयभीत हैं इसलिए देश भर में संविधान बढ़ाने का नाटक कर जांच को प्रभावित करना चाहते हैं जांच एजेंसियों को डराना चाहते हैं दरअसल इनका मकसद कांग्रेसियों को बचाना है संविधान नहीं?

कांग्रेस ने पहले संविधान की धज्जियां उड़ाई और यह इसे बचाने की नाटक कर रही है।


उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(मनरेगा कोषांग)

मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना

मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर **तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)** तथा **ग्राम रोजगार सेवक** रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311 / मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। उक्त के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची खूँटी जिला के वेबसाईट **"www.khunti.nic.in"** में अपलोड किया गया है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी

PR 351792 (District)25-26*D

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

## भारत के लिए बड़ा मौका

एपल का प्लान कि अमेरिका में बिकने वाला हर आईफोन भारत में बना हो, मेक इन इंडिया के लिए एक बड़ा मौका है। लेकिन ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की जगह लेने के लिए भारत को बहुत कुछ करना होगा, जिसका मौका डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से उसे मिला है। क्षमता बढ़ानी होगी । भारत में आईफोन की कहानी बड़ी कारोबारी सफलताओं में से एक रही है। इस साल अभी तक भारत ने एपल के लिए 25-30% आईफोन बनाए हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 18% था। यह तरक्की बढ़िया खबर है, लेकिन एक सच यह भी है कि भारत में जितना प्रॉडक्शन हो पाता है, अमेरिका में आईफोन का बाजार उससे कहीं बड़ा है। 2024 में अमेरिका में 7.59 करोड़ आईफोन बिके थे, जबकि इस साल मार्च में भारत से 31 लाख यूनिट वहां भेजी गई थीं। यानी एपल के चीफ टिम कुक की प्लानिंग के हिसाब से अगर भारत को पूरे अमेरिका की मांग को पूरा करना है, तो मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी को बढ़ाना होगा। अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के होसुर और बेंगलुरु में दो नई फैसिलिटी तैयार हैं और इनके जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इस बार चूक न हो । भारत के पास कुछ साल पहले भी ऐसा मौका आया था - कोरोना, 2018 के ट्रंप के चीन के साथ ट्रेड वॉर और दक्षिण चीन सागर में उभरते तनाव के मद्देनजर जब दुनिया चीन प्लस वन ऑप्शन की तलाश कर रही थी। उस समय वियतनाम जैसे देशों ने बाजी मार ली थी। उसे कम कॉरपोरेट टैक्स रेट, निवेश में आसानी और सस्ते श्रम का फायदा मिला। पक्ष में माहौल । मौजूदा टैरिफ वॉर से भारत को जो मौका मिला है, उसे हाथ से नहीं निकलने देना चाहिए। खासकर यह देखते हुए कि दुनिया का कारोबारी माहौल उसके पक्ष में है। कोरोना के वक्त से अमेरिकी कंपनियों पर चीन से बाहर निकलने का जो दबाव था, वह हाल में ट्रंप के टैरिफ वॉर से और बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर 245%, जबकि भारत पर 26% का आयात शुल्क लगाया है, और इसे भी फिलहाल 90 दिनों के लिए टाल रखा है। एपल की भारत में दिलचस्पी की बड़ी वजह यही है। फिर ढछक जैसी सरकारी योजनाओं ने भारत में उत्पादन को सस्ता बना दिया है। कारोबारी हैसियत बढ़ेगी । इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी 8.4% है और चीन की 76.6%। आईफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ाएगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नई दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।

## गलती न दोहराएं

भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी में ढाई महीने के भीतर एक और नेपाली छात्रा की मौत होना केवल इस प्राइवेट यूनिवर्सिटी की छवि पर धक्का नहीं है- इससे भारत के विदेशी स्टूडेंट्स को आकर्षित करने के प्रयासों पर भी चोट पहुंची है। ओडिशा पुलिस ने मामला आत्महत्या का बताया है, लेकिन फिर भी केस की गहराई से छानबीन होनी चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस बार उन गलतियों से बचना होगा, जो फरवरी में हुई थीं। 18 साल की छात्रा बीटेक कंप्यूटर साइंस की फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी और उसका शव हॉस्टल रूम में मिला। इससे पहले 16 फरवरी को बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली थी और उसमें एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा था। लेकिन असली दिक्कत हुई विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से और इसने भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक संकट की स्थिति ला दी थी। तब नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तक को छात्रा के लिए न्याय की मांग करनी पड़ी थी और इसके बाद कुछ सख्त कदम उठाए गए थे। इस बार ओडिशा सरकार और यूनिवर्सिटी, दोनों पर जिम्मेदारी है कि वैसी नौबत न आए। नकारात्मक असर से बचावः भारत सरकार ने 2018 में स्टडी इन इंडिया (रक्क) प्रोग्राम शुरू किया, जिसका मकसद है विदेशी स्टूडेंट्स को भारत बुलाना। अब विदेशी छात्र किसी देश में इस भरोसे के साथ जाते हैं कि वहां उन्हें समानता और सुरक्षा के साथ बेहतर शिक्षा हासिल करने का मौका मिलेगा। लेकिन जब एक ही संस्थान में इस तरह की दो घटनाएं हो जाएं, तो भरोसा टूटता है। नकारात्मक असर बाकी जगहों पर न पड़े, इसका ख्याल रखना होगा। टॉप देशों से पीछेः अंतरराष्ट्रीय छात्रों को लुभाने के मामले में भारत वैसे भी बहुत पीछे है। 2021-22 में कुल 46,878 विदेशी स्टूडेंट्स ने ही भारत में एडमिशन के लिए अप्लाई किया था। इसमें सबसे ज्यादा करीब 28% स्टूडेंट्स नेपाल से आए थे। पिछले बरसों के मुकाबले यह आंकड़ा बेहतर जरूर हुआ है, लेकिन दुनिया के टॉप एजुकेशन डेस्टिनेशन की तुलना में कुछ भी नहीं। 2024 में अमेरिका में लगभग 11.26, कनाडा में 8.42 और ब्रिटेन में 7.58 लाख विदेशी स्टूडेंट्स पहुंचे थे। केवल भारत से ही 2024 में 13.35 लाख छात्र पढ़ने के लिए बाहर निकले थे। इन आंकड़ों को सुधारने के लिए देश को शैक्षणिक संस्थाओं के माहौल पर भी ध्यान देना होगा। वक्क्ष की गाइडलाइंस कहती हैं कि सभी शैक्षणिक संस्थान में ऐसी कमिटी होनी चाहिए, जो स्टूडेंट्स की विभिन्न समस्याओं को समझ और उनका निवारण कर सकें। जिन कैंपस में विदेशी स्टूडेंट्स हैं, वहां इन कमिटी की जरूरत और बढ़ जाती है।

# कैमरा, 'भूख' और सोशल मीडिया

भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।'

**प्रियंका सौरभ**

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं। वे कैमरे के फ्रेम में कैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत के लिए। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और जरूरतमंद की गरिमा अकसर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। इसलिए यूजर्स को अब आत्मपरीक्षण जरूर करना चाहिए कि क्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं? आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है-एक ऐसा मंच जहाँ तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे जरूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही दृश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।' पहले मदद करने के बाद मन को जो



संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी जरूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो-क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की जरूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं-डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती है-संगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश। इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की जरूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है-जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। कल्पना कीजिए एक दृश्य-एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो- 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शन-हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं...। कमेंट्स आते हैं—वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं। किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था? आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है), उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंची हो जाती है। कई बार यह भलाई राजनीतिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है? सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला? यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है? क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं? यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को 'कंटेंट' बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं? आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं-एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है-बिना कोई सबूत मांगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जातिगत जनगणना...यह महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जाति पर सोच हमेशा एक जैसी नहीं रही। जब जनसंघ से निकलकर भाजपा बनी थी-तब उस पर साफ लेबल लगा था: 'ब्राह्मण-बनियों की पार्टी'। ऊंची जातियों की पार्टी। सत्ता से दूर और जमीन के मिजाज से भी थोड़ी कटी हुई। लेकिन 1985 में पहली बार पार्टी के भीतर गहरी सोच का मंथन शुरू हुआ।

**प्रेम शंकर सिंह**

जातिगत जनगणना पर जो बहस चल रही है...वो महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं है। ये असल में भारत के सामाजिक ढांचे को समझने और फिर उसे नए सिरे से गढ़ने की एक बड़ी कोशिश है। अब जो लोग इसका समर्थन करते हैं-उनका ये मानना है कि इससे पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों की सच्चाई सामने आएगी। उनकी शिक्षा कैसी है, उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कितना है-ये सब कुछ पहली बार साफ-साफ दिखेगा। और जब तस्वीर साफ होती है, तभी नीति भी ठोस बनती है। सरकार के पास आधार होगा- ताकि जो वंचित हैं, उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक मदद दी जा सके. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जाति पर सोच हमेशा एक जैसी नहीं रही। जब जनसंघ से निकलकर भाजपा बनी थी-तब उस पर साफ लेबल लगा था: 'ब्राह्मण-बनियों की पार्टी'। ऊंची जातियों की पार्टी। सत्ता से दूर और जमीन के मिजाज से भी थोड़ी कटी हुई। लेकिन 1985 में पहली बार पार्टी के भीतर गहरी सोच का मंथन शुरू हुआ। एक प्रस्ताव पास किया गया- मंडल आयोग की सिफारिशों का समर्थन करने का। ये पहली बार था जब भाजपा ने माना कि अगर इस



देश में राजनीति करनी है, तो ओबीसी और दलित समाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मगर तभी देश में एक और लहर उठी-राम मंदिर आंदोलन की। यहां से कमंडल बनाम मंडल की राजनीति शुरू हुई। भाजपा वापस हिंदुत्व के पथ पर लौट आई। जाति का विमर्श पीछे चला गया और आस्था का आंदोलन केंद्र में आ गया। नरेंद्र मोदी की सरकार। और यहां से भाजपा की सोच में असली, ठोस और दूरगामी बदलाव शुरू हुआ। मोदी खुद ओबीसी पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने बहुत जल्दी पहचान लिया कि हिंदू समाज का जो सबसे बड़ा हिस्सा है वो आज भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व में पीछे है। इसके बाद जो-जो कदम उठे, वो सिर्फ नीतियां नहीं थीं, वो एक लंबी सामाजिक रणनीति का हिस्सा थीं। 2019 में आर्थिक रूप से पिछड़ी अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देना, उसी संतुलन की कोशिश थी। अब भाजपा के पास दो आधार थे-एक तरफ ओबीसी को सम्मान और दूसरी तरफ अगड़ों को सुरक्षा। अब जब जातिगत जनगणना की बात आई, तो मोदी ने इसे सिर्फ एक सामाजिक मुद्दा नहीं माना। उन्होंने इसे राष्ट्र-निर्माण के औजार की तरह देखा।

वह केवल एक जनगणना नहीं है। यह असल में हिंदू समाज के पुनर्गठन की योजना है। एक दूरदर्शी, ठोस, और सधी हुई रणनीति है। प्रधानमंत्री मोदी का यह फैसला आरक्षण की राजनीति को भी एक नया आधार देगा। अब बहसें भावनाओं पर नहीं, तथ्यों पर होंगी। नीतियां अब जातीय जनसंख्या के अनुपात पर टिकी होंगी। और यही वह जगह है...जहां नरेन्द्र मोदी आज वीपी सिंह से एक कदम आगे जाते हैं। वीपी सिंह ने सामाजिक न्याय की राजनीति शुरू की थी। मोदी उसे अब संस्थागत रूप दे रहे हैं-डेटा से, नीति से, और राष्ट्रवाद की भावना में रहते हुए। 10 साल सत्ता में रहने के बाद समाज सुधारक की भूमिका निभाने की ये कोशिश पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की मंडल कमीशन की कोशिशों को आगे ले जाने की ठोस पहल है।

या उस सच्चाई से आंख चुराकर, फिर उसी पुराने ढांचे में जिएगा? अहम बात यह है कि यह सिर्फ राजनीति नहीं है...। यह विचारधारा, रणनीति और इतिहास की त्रिवेणी है। और अगर यह प्रयोग सफल हुआ तो नरेन्द्र मोदी को हम केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि एक सामाजिक युगांतकारी विचारक के रूप में याद करेंगे। तो अब सवाल आपके सामने है-क्या जातिगत जनगणना से समाज एक होगा या बंटेगा? क्या यह आंकड़ों की राजनीति है या सामाजिक न्याय की पुनर्परिभाषा? आप क्या सोचते हैं? और अगर ये सोच आपको गहराई तक छूती है-तो इस संवाद को आगे बढ़ाइए। दरअसल हर विकसित समाज थिंकर्स के जरिए आगे बढ़ने में सक्षम होता है। क्योंकि जब तक समाज सोचता नहीं, तब तक समाज बदलता नहीं।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# 8 मई को रखा जायेगा मोहिनी एकादशी व्रत

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी व्रत रखा जाता है। वैसे तो हर महीने में दो एकादशी तिथि होती है। एक शुक्ल पक्ष और एक कृष्ण पक्ष में, लेकिन मोहिनी एकादशी का खास महत्व माना जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि मोहिनी एकादशी का व्रत 8 मई को रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस व्रत को करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर होते हैं। मान्यता है कि मोहिनी एकादशी का व्रत सभी प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला, सब पापों को हरने वाला और व्रतों में उत्तम व्रत है। इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य मोहजाल से छुटकारा पाकर विष्णु लोक को प्राप्त करता है। मोहिनी एकादशी के दिन पूजा अर्चना करने से मन को शांति मिलती है और धन, यश और वैभव में वृद्धि होती है। इस दिन सृष्टि के रचयिता भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य से भक्त के अनजाने में किए गए सभी पाप दूर हो जाते हैं। भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होती है। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी पड़ती हैं। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है और इस दिन श्रीहरि की पूजा की जाती है। वैसे तो सभी एकादशी महत्वपूर्ण मानी गई है लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का भी विशेष महत्व है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। भक्त अपने पिछले पापों से छुटकारा पाने और विलासिता से भरा जीवन जीने के लिए मोहिनी एकादशी का व्रत रखते हैं। इस दिन व्रत-पूजा करने से साधक को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि भी बनी रहती है। इस बार मोहिनी एकादशी पर 3 शुभ योग बन रहे हैं।

**यज्ञ से भी ज्यादा फल देता है एकादशी व्रत**

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पुराणों के मुताबिक, एकादशी को हरी वासर यानी भगवान विष्णु का दिन कहा जाता है। विद्वानों का कहना है कि एकादशी व्रत यज्ञ और वैदिक कर्म-कांड से भी ज्यादा फल देता है। पुराणों में कहा गया है कि इस व्रत को करने से मिलने वाले पुण्य से पितरों को संतुष्टि मिलती है। स्कंद पुराण में भी एकादशी व्रत का महत्व बताया गया है। इसको करने से जाने-अनजाने में हुए पाप खत्म हो जाते हैं।

पुराणों और स्मृति ग्रंथ में एकादशी व्रत

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि स्कन्द पुराण में कहा गया है कि हरिवासर यानी एकादशी और द्वादशी व्रत के बिना तपस्या, तीर्थ स्थान या किसी तरह के पुण्याचरण द्वारा मुक्ति नहीं होती। पदम पुराण का कहना है कि जो व्यक्ति इच्छा या न चाहते हुए भी एकादशी उपवास करता है, वो सभी पापों से मुक्त होकर परम धाम वैकुंठ धाम प्राप्त करता है। कात्यायन स्मृति में जिक्र किया गया है कि आठ साल की उम्र से अस्सी साल तक के सभी स्त्री-पुरुषों के लिए बिना किसी भेद के एकादशी में उपवास करना कर्त्तव्य है। महाभारत में श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को सभी पापों ओर दोषों से बचने के लिए 24 एकादशियों के नाम और उनका महत्व बताया है।

## सेहत

### रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सूखे आंवला पाउडर और जीरे के पानी के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**ऐसे बनाएं आंवला पाउडर और जीरे का पानी**

आंवला पाउडर – 1 चम्मच सूखा
जीरा पाउडर – 1 चम्मच भुना हुआ
पानी – 1 गिलास गुनगुना
इन सभी चीजों को पानी में मिलाकर उबाल लें और फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

**पाचन तंत्र होगा मजबूत**

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### ईट- भट्ट में रंगबाजी मांगने गए अपराधी को मजदूरों ने धर दबोचा

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मदनशाही रोड से सटे ईट भट्ठा में रंगदारी लेने की नीयत से तीन अपराधकर्मी ईक भट्ठा पहुंचे थे। जहां हो हल्ला सुनकर ईट भट्ठा में काम कर रहे मजदूर उक्त जगह पहुंचे तो सभी भागने लगे। इसी दौरान मजदूरों ने एक अपराधी को धर दबोच लिया।इसके बाद मजदूरों ने इस घटना की जानकारी ईट भट्ठा संचालक को देते हुए जिरवाबाडी पुलिस के हवाले कर दिया। सूत्रों के हवाले से बताई जा रहा है।कि तीन अपराध कर्मी ईट भट्ठा के पीछे के गांव मैं शराब का सेवन किया उसके बाद पीछे के ही रास्ते से तीनों रंगदारी मांगने के लिए ईट भट्ट पहुंच गया। उसे वक्त कुछ मजदूर ईट बनाने का काम कर रहे थे। वहीं हो हल्ला सुनकर सभी मजदूर एकजुट हो गए और उन लोगों को जानकारी मिली कि यह लोग रंगदारी मांगने की नीयत से ईट भट्ठा में घुसे हैं। तभी उनलोगों को पकड़ने के लिए मजदूरों ने दौड़ेकर उसमें से एक अपराध को मजदूरों ने पकड़ लिया ।लेकिन दो अपराधी भागने में सफल हो गए। इसके बाद इस घटना की जानकारी जिरवाबाडी पुलिस को दिया गया। बताया जा रहा है कि ईट भट्टा संचालक ने जिरवाबाडी को आवेदन देकर मामला भी दर्ज करवाया है। इधर पकड़े गए अपराधी राजमहल थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। और मदन शाही में उसका ससुराल है उसका आपराधिक इतिहास भी रहा है।

### आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान करें पदाधिकारी : उपयुक्त



**साहिबगंज :** उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान उपयुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतक ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### परिवार को मुआवजा के रूप में पचास लाख रुपया और एक सरकारी नौकरी दी जाए



**साहिबगंज :** बीते 4 मई को शाम 8 बजे इलोक्ट्रोनिक दुकानदार संजीव कुमार साह को दुकान में घुस कर अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के विरोध में भारतीय ओबीसी महासभा एवं अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रतिनिधि मंडल संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम एक ज्ञापन सौंप कर अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है्भारतीय ओबीसी महासभा संगठन एवं अखिल भारतीय तेली महासभा संगठन मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार से मांग करती है कि संजीव कुमार साह के परिवार को मुआवजा के रूप में पचास लाख रुपया और इनके परिवार को एक सरकारी नौकरी दिया जाए।क्योंकि इस परिवार का भरन पोषण करने वाले मात्र संजीव कुमार साह था।वही प्रतिनिधि मंडल ने परिवारजनों से भी मिलकर सांत्वना दी।मौके पर भारतीय ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह अखिल भारतीय तेली महासभा को प्रदेश उपाध्यक्ष नंदलाल साह,युवा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय ओबीसी महासभा सह अखिल भारतीय तेली महासभा के हीरालाल साह, प्रदेश महासचिव शिवानंद साह, प्रदेश सचिव कृष्णा साह, साहिबगंज नगर अध्यक्ष राजू शाह,तीनपहाड़ प्रखंड अध्यक्ष विश्वजीत मंडल आदि थे।

### पाटन प्रखंड जूझ रहा जलसंकट से, 180 जलमीनारों में 169 खराब

**पाटन :** पलामू जिले का 22 पंचायत वाला प्रखंड पाटन, वर्तमान में भीषण जल संकट से जूझ रहा है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगाए गए 2118 चापाकलों में 415 चापाकल खराब है। लघु जलमीनार की स्थिति भी बदतर स्थिति में है। 15वें वित्त आयोग की राशि से प्रखंड में स्थापित किए गए 180 लघु जलमीनारों में 169 खराब है। इसके कारण आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाटन प्रखंड मुख्यालय में भी अबतक पाइप लाइन से जलापूर्ति व्यवस्था नहीं की जा सकी है। प्रखंड में किशुनपुर बहुग्राम जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन कराया गया था परंतु संबंधित योजना भी पिछले चार सालों से मृत पड़ा हुआ है।

### किसानों को आच्छादित करने का निर्देश

हैदरनगर : प्रखंड सभागार हैदरनगर का में मंगलवार को किसानों की विशेष बैठक में नया केसीसी के आवेदन, केसीसी ऋण माफी, किसान रजिस्ट्रेशन करने पर विशेष चर्चा की गई। इसकी अध्यक्षता कर रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने किसान मित्रों, सभी उपस्थित महिला समूह सखी मंडल व किसानों सहित इस प्रखंड के प्रगतिशील किसानों को आधुनिक एवं तकनीकी खेती की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी किसानों को 6 से 31 मई तक कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर किसानों को लंबित योजनाओं से आच्छादित कराने का निर्देश दिया।

### पेयजलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**सतबरवा :** पेयजलापूर्ति के संसाधन को दुरुस्त करने का निर्देश बीडीओ सह सीओ ने तेजल एवं स्वच्छता विभाग के बैठक में विभाग के कर्मी तथा मुखिया और पंचायत सचिवों को दी। उन्होंने निर्देश दिया कि 19 मई तक खराब चापाकल और जलमीनार का प्रतिवेदन जिला को भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि पेयजल संकट का समाधान का स्थायी निदान निकाला जा सके।

## आज होगी सिविलिल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन

# मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जागरूक और तैयार बनाना है : उपायुक्त

### हवाई हमले की चेतावनी के रूप में सायरन बजाए जाएंगे : एसपी

### चिन्हित मुख्य जगह साहिबगंज बंदरगाह, साहिबगंज कॉलेज, साहिबगंज रेलवे स्टेशन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से बुधवार को एक व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों पर देश के 244 जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें झारखंड राज्य के साहिबगंज, रांची, जमशेदपुर, गोड्डा व बोकारो शामिल हैं। मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह अभ्यास युद्ध, हवाई हमले, आतंकी खतरे अथवा अन्य किसी गंभीर आपदा की स्थिति में आम नागरिकों की तत्परता, सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता और जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया को परखने हेतु किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जागरूक और तैयार बनाना है। ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ड्रिल के मुख्य घटकः क्या-क्या होगा इस अभ्यास में?

हवाई हमले की चेतावनी के रूप में सायरन बजाए जाएंगे। इससे नागरिकों को आपात स्थिति की जानकारी दी जाएगी।ब्लैकआउट अभ्यास

कुछ समय के लिए घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की बिजली बंद रखने की अपील की गई है। कृपया इन्वर्टर, कृत्रिम लाइट अन्य विद्युत उपकरणों का प्रयोग न करें। नागरिकों की निकासी प्रक्रिया चिन्हित सुरक्षित स्थानों जैसे मजबूत इमारतों के आंतरिक कमरों में जाने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। प्रशिक्षण और डेमो प्रदर्शन साहिबगंज कॉलेज में डेमो बम विस्फोट का आयोजन किया जाएगा, जहाँ आपात स्थिति में बचाव कार्य कैसे किया जाता है, इसका प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त भागीदारीजिला पुलिस, होम गार्ड्स, सिविल डिफेंस वार्डन, एनसीसी, एनएसएस एवं स्वयंसेवी संगठन इस अभ्यास में सक्रिय भाग लेंगे।एक शैडो कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहाँ से पूरे अभ्यास की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। आपात स्थिति में नागरिकों को सहायता और मार्गदर्शन यहीं से प्रदान किया जाएगा। ड्रोन निगरानी ब्लैकआउट के दौरान ड्रोन से क्षेत्रीय निगरानी की जाएगी ताकि अभ्यास की वास्तविकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग की जाएगी और आगामी 15 दिनों में इसका विश्लेषण कर जिले के सिविल डिफेंस प्लान को और मजबूत किया जाएगा। नागरिकों के लिए सुझाव और अपील,सायरन बजने पर घबराएं नहीं। यह केवल एक अभ्यास है।अपने घरों की बिजली बंद रखें और कृत्रिम प्रकाश का प्रयोग न करें।सुरक्षित स्थान की पहचान पहले से कर लें और परिवार को भी जागरूक करें।रेडियो, टीवी, अथवा सरकारी मोबाइल ऐप्स से आधिकारिक सूचना प्राप्त करते रहें।किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करें।इस अभ्यास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आपकी सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। जन-सहभागिता से ही बनेगा यह अभ्यास सफल जिला प्रशासन, साहिबगंज यह स्पष्ट करता है कि यह मॉक ड्रिल एक पूर्व नियोजित अभ्यास है। और इसका उद्देश्य जनमानस को सतर्क, जागरूक और तैयार करना है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस महत्त्वपूर्ण पहल में सहयोग करें, शांत रहें, अफवाहों से बचें और प्रशासन को सहयोग दें।

चिन्हित स्थल जहां मॉक ड्रिल होगा।आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता जिला प्रशासन साहिबगंज की होगी।

## दो संदिग्ध युवकों को लिया गया हिरासत में

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**साहिबगंजः** संजीव गुप्ता हत्याकांड की गुथी सुलझाने के लिए एसआइटी ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है। कि एसआइटी गदाई दियारा सहित आसपास के अन्य दियारा के क्षेत्रों में रात भर छापेमारी करने के बाद बड़े मशक्कत से दो संदिग्ध युवकों को अपने हिरासत में लिया है। और उसके साथ एसआइटी लगातार पूछताछ कर रही है।साथ ही बताया जा रहा है कि एसआइटी हथियार भी बरामद किया है। एसआइटी ने संजीव गुप्ता हत्याकांड की गुथी सुलझाने लगातार छापेमारी करते हुए आधा दर्जन लोगों को उठाकर पूछताछ कर चुकी है।जबकि पुलिस कई जगह की सीसीटीवी फुटेज खंभालते हुए कुछ के डीवीआर सेट को भी जब्त किया है। इधर एसआइटी पुरानी साहिबगंज ,कबूतर खोपी, चानन सहित दियारा के कई इलाकों में मुस्तैद हैऔर हर गतिविधि पर पहली नजर बनाए रखी है।एसआइटी कई आपराधिक तत्व के लोगों की कुंडली भी पुलिस खंगार रही है कि संजीव गुप्ता हत्याकांड में इन लोगों की संलिप्तता है या नहीं।

सोशल मीडिया में फोटो वायरल

सोशल मीडिया में अपराधियों की गिरफ्तारी का फोटो वायरल होने के बाद शहरी क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और शहरवासी पुलिस की खूब सराहना कर रहे हैं। लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि काले लिवाज वाला शार्प शूटर युवक को पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया है। अब लोगों को पुलिस के द्वारा मामला उजागर करने का इंतजार है। कि अपराधियों ने आखिर क्यों एक सूलझे हुए व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी। क्या उनकी हत्या जमीनी विवाद के कारण कर दी गई या फिर पारिवारिक विवाद के कारण हत्या हुई है। क्या अपराधियों को किसी हत्या करने की साजिश रचते हुए मोटी रकम देकर सुपारी दी थी। इन सभी बिंदुओं पर लगातार क्षेत्रवासी अपने साथी संगतों के साथ हर चौक चौराहों पर बातचीत करते नजर आ रहे हैं।

## रैयतों के साथ पूर्व आईएएस अधिकारी ने पंडवा अंचल में की चर्चा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पंडवा :** पूर्व आईएएस अधिकारी राम कुमार सिन्हा ने बुधवार को पंडवा अंचल कार्यालय में एसी कुंदन कुमार, अंचल अधिकारी डॉ अमित कुमार झा एवं दर्जनों रैयतों के साथ बैठक कर कहा। छोटी-छोटी समस्याओं को क्लियर कर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें, रैयतों को अनावश्यक परेशान ना करें। पूर्व आईएएस अधिकारी राम कुमार सिन्हा ने सीसीएल राजहरा कोलियरी में 40 एकड़ जमीन लिए जाने के एवज में 20 लोगों को नौकरी देने में हो रही देरी एवं अड़चन की समस्या को निदान के लिए बैठक कर कहा। उन्होंने उपस्थित रैयतों और सीसीएल के पदाधिकारी के बीच कहा कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो जाता है।

सीसीएल जमीन लेकर उत्खनन कार्य करना चाहती है। इसके लिए रैयतों को नौकरी देने की प्रक्रिया की गई है। लेकिन कुछ कार्य पेपर एवं टेक्निकल कारण से नहीं हो पा रहा है जिसे सीसीएल के पदाधिकारी अंचल के साथ मिल बैठकर एक सप्ताह के अंदर समस्या का हल कर पेपर को आगे बढ़ाएं। आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि राजहरा कोलियरी से जल्द उत्खनन कार्य को लेकर सांसद और मंत्री भी हम लोगों से सवाल जवाब करते हैं। टेक्निकल समस्या को दूर करने के लिए मुझे यहां भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जो भी समस्याये हैं उसे दूर कर एक सप्ताह के अंदर कागज को रांची भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि आगे की प्रक्रिया की जा सके। पलामू एसी कुंदन कुमार ने सीसीएल द्वारा लिये जाने वाले 40 एकड़ जमीन की मैप को बखूबी से जांच पंडवा अंचल अधिकारी डॉ अमित कुमार झा के साथ किये। उन्होंने कहा कि एक-एक बिंदु की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई कर निष्पादन करने का निर्देश अंचल अधिकारी डॉ अमित कुमार झा को दिया गया है। बैठक में सीसीएल पदाधिकारी द्वारा नौकरी संबंधित 10 लोगों के आवेदन पर विचार करते हुए जो भी त्रुटि हुई उसे दूर करने का निर्देश पूर्व आईएएस अधिकारी राम कुमार सिन्हा ने दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों को विवाद में फंसने से क्या लाभ है। सोच रखिए कि लोगों को नौकरी देना है। कोई भी कार्य तभी संभव हो पायेगा, जब रेवेन्यू रिकॉर्ड सपोर्ट करेगा अन्यथा कोई नहीं कर पायेगा। उन्होंने रैयतों को इस सकारात्मक पहल करने की भी बात कही है।

फोटो -सीसीएल का मैप देखते पूर्व आईएएस राम कुमार सिन्हा व अन्य।

## जामताड़ा में 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार, बिहार का एक युवक शामिल

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**जामताड़ा :** बिहार के जमुई जिला का रहने वाला शख्स ससुराल में रहकर साइबर अपराध को अंजाम दे रहा था. साइबर थाना की पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के हीरा ग्राम गांव के जंगल में साइबर अड्डे पर छापा मारा. जहां पर साइबर अपराधी जंगल से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थे. पुलिस ने सूचना पाकर छापा मारा. जहां से कुल चार साइबर अपराधियों को पकड़ने में सफल रही.

पकड़े गए साइबर अपराधियों में अर्जुन राय, गोविंद कुमार मंडल, सलीम अंसारी और अकबर अंसारी शामिल है. पकड़े गए साइबर अपराधियों में गोविंद कुमार बिहार के जमुई जिला के रहने वाला बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार कमार्टांड़ जीयनपुर गांव में उसका ससुराल है. वह ससुराल से साइबर अपराधियों के साथ साइबर अपराध को अंजाम दे रहा था.

मोबाइल सिम एटीएम कार्ड बरामद

पकड़े गए साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 15 मोबाइल, 19 सिम कार्ड और एक एटीएम कार्ड बरामद किया है. साइबर अपराधियों ने व्हाट्सएप में फर्जी मैसेज भेज कर एपीके फाइल के माध्यम से साइबर अपराध को अंजाम देते थे. पकड़े गए साइबर अपराधियों के बारे में बताया जाता है कि एचडीएफसी बैंक के खाता धारकों के व्हाट्सएप नंबर पर फर्जी मैसेज भेजते थे. खाता बंद हो जाने और पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल भेजते थे. एपीके फाइल डाउनलोड कर उनकी सारी गोपनीय जानकारी प्राप्त कर ई वायलेट के माध्यम से साइबर ठगी करते थे.

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने दी जानकारी

जामताड़ा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद विकास लगोरी ने पकड़े गए साइबर अपराधियों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी नारायणपुर थाना क्षेत्र के हीरा ग्राम के जंगल से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थे. एसडीपीओ ने बताया कि चार लोगों के साथ साइबर ठगी करने का पता चला है और आगे जांच की जा रही है. फिलहाल पकड़े गए चारों साइबर अपराधियों को पुलिस ने साइबर थाना में मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा के तहत जामताड़ा जेल भेज दिया है.

## प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की नई कुलपति नियुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की नई कुलपति नियुक्त किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को राजभवन ने अधिसूचना जारी कर दिया है। वर्तमान में प्रो. कंदीर रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं। वे 1981 बैच की शिक्षिका हैं और विगत चार दशकों से शिक्षण व शोध के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रही हैं। प्रो. कंदीर 2017 से 2020 तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग की प्रतिकुलपति रह चुकी हैं। साथ ही, उन्होंने रांची विश्वविद्यालय में सिंडिकेट व सीनेट की सदस्य, विज्ञान संकायाध्यक्ष, और वनस्पति विभागाध्यक्ष सहित



अनेक महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाई हैं।वनस्पति विज्ञान में विशेषज्ञता रखने वाली प्रो. कंदीर का शोध कार्य पर्यावरणीय जैव विविधता एवं औषधीय पौधों पर केंद्रित रहा है। उन्होंने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं।उनकी नियुक्ति से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में अकादमिक उत्कृष्टता, प्रशासनिक सुचालन और अनुसंधान को नई गति मिलने की अपेक्षा की जा रही है।

## देवघर सदर अस्पताल में सुपर स्पेशलिस्ट विभाग की शुरूआत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघरः** जिले में बुधवार से देवघर सदर अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी विभाग के ओपीडी की व्यवस्था शुरू की जा रही है. इसे लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है.

कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंड्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जन के विशेष चिकित्सक सदर अस्पताल में समय देंगे और मरीजों को देखेंगे. यह सभी चिकित्सक सप्ताह में एक दिन अस्पताल में समय देंगे और जो मरीज अति गंभीर बीमारी से ग्रसित होंगे, उन्हें इन डॉक्टरों से सलाह दिलाई जाएगी.

रेफर या गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को मिलेगी सुविधा




देवघर सदर अस्पताल के डिप्टी सुप्रिटेंडेंट डॉक्टर प्रभात रंजन ने कहा कि जो मरीज सदर अस्पताल के ओपीडी में ठीक नहीं हो पाएंगे या फिर यहां के डॉक्टर सुपर स्पेशलिस्ट विभाग में विशेषज्ञ की सलाह लेने के लिए रेफर करेंगे, सिर्फ वैसे मरीज को ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह दिलाई जाएगी.

डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि काफी प्रयास के बाद डॉक्टर से संपर्क किया गया है. इन सभी डॉक्टरों का भुगतान राज्य सरकार की तरफ से की जाएगी. ऐसे में यह ख्याल रखना होगा कि वैसे मरीज विशेषज्ञों के पास ना जा सके जो साधारण बीमारियों से ग्रसित है.

वहीं, सुपर स्पेशलिस्ट विभाग के ओपीडी की शुरूआत होने को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शरद कुमार ने बताया कि संथाल परगना प्रमंडल के देवघर में पहली बार यह सुविधा शुरू हो रही है. देवघर सदर अस्पताल प्रबंधन के तरफ से किए गए प्रयास से निश्चित रूप से संथाल परगना के अन्य जिलों के मरीजों को भी राहत मिलेगी.

## बेहद शर्मीले हैं शाहरुख खान बोले-

# पार्टी में दीपिका पादुकोण के पीछे छिप जाता हूं

अभिनेता शाहरुख खान गुरुवार को वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में पहुंचे। चार दिवसीय वेव्स समिट का आगाज आज शानदार तरीके से हुआ। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां यहां पहुंचीं। इस कड़ी में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण भी साथ में मंच पर बात करते दिखे। इस दौरान शाहरुख खान ने एक दिलचस्प खुलासा किया कि वे इवेंट और पार्टी में दीपिका पादुकोण के पीछे छिप जाते हैं।

### शाहरुख बोले- बहुत शर्मीला हूं मैं



शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण ने वेव्स समिट में द जर्नी- फ्रॉम आउटसाइडर टू रूलर सेशन में हिस्सा लिया। इस सत्र का संचालन करण जौहर ने किया। इस दौरान दीपिका और शाहरुख खान ने काफी दिलचस्प बातें कीं। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक शाहरुख खान ने वेव्स समिट में कहा कि वे काफी शर्मील स्वभाव के हैं। किंग खान ने मजाकिया अंदाज में बताया कि वे अक्सर इवेंट और पार्टी में दीपिका को किसी शील्ड की तरह इस्तेमाल करते हैं और उनके पीछे छिप जाते हैं।

### दीपिका बोलीं- हम दोनों एक-दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश करते हैं

शाहरुख ने कहा जब मैं स्टेज पर आता हूं तो मैं बहुत शर्मीला हो सकता हूं। बहुत अजीब हो सकता हूं। मैं ऐसा ही हूं और यही कारण है कि मैं दीपिका से प्यार करता हूं, क्योंकि वह मुझसे लंबी हैं। इसलिए, ऐसा होता है कि जब हम किसी पार्टी में जाते हैं, तो मैं उनके पीछे छिप सकता हूं। वहीं, शाहरुख की इस बात पर दीपिका ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, यह सच है! दो अजीब लोग हैं और फिर वह मेरे पीछे भागते हैं और फिर मैं उनके पीछे भागती हूं और हम बस एक-दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश करते हैं। शाहरुख ने आगे कहा, यह सब मजाक नहीं है।

### दुआ की मां होना दीपिका का सबसे शानदार किरदार

इसके अलावा शाहरुख खान ने दीपिका की तारीफ की और कहा कि उन्हें लगता है कि बिटिया दुआ की मां होना दीपिका द्वारा निभाई जाने वाली सबसे अच्छी भूमिका होगी। शाहरुख खान ने कहा, मेरे पास एक और बात है, जो बहुत ही निजी है, इसलिए अगर मैं सीमाओं से परे जा रहा हूं तो मुझे माफ करें, लेकिन मुझे लगता है कि दीपिका जो रोल सबसे अच्छी तरह से निभाने जा रही हैं, इंशाअल्लाह, वह दुआ की मां की भूमिका है। मुझे लगता है कि वह वास्तव में एक शानदार मां साबित होंगी। बता दें कि दीपिका पादुकोण को बॉलीवुड में बड़ा ब्रेक शाहरुख खान के साथ ओम शांति ओम से मिला। इसके बाद दोनों साथ में कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



## 100 साल पुराना है एक्ट्रेस का यह बंगला

# दिल्ली के सरकारी आवास में शिफ्ट हुई कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत एक सांसद के तौर पर दिल्ली के एमपी हाउस में शिफ्ट हो गई हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस गृह प्रवेश करती दिख रही हैं।

कंगना रनौत अब सिर्फ एक एक्टर के तौर पर ही नहीं पहचानी जाती हैं, बल्कि वह एक राजनेता भी हैं। एक्ट्रेस हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद हैं, अब वह दिल्ली के सरकारी आवास में शिफ्ट हो गई हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर आ गया है, जिसमें अभिनेत्री सिर पर कलश रखे अपने बंगले में प्रवेश करती दिख रही हैं।

### नए घर में शिफ्ट हुई कंगना रनौत

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में अभिनेत्री कंगना रनौत सफेद और लाल रंग की साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साथ ही वह अपने सिर पर कलश रखकर नए घर में प्रवेश कर रही हैं। नए घर में प्रवेश करने के बाद एक्ट्रेस ने पूजा भी की। इसके अलावा आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने बीते दिन बुधवार यानी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर एमपी हाउस में कदम रखा। कंगना के बंगले की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## समीरा ने शेयर किया पुराना वीडियो

# अवॉर्ड शो में जाने से पहले मैं रो रही थी

मशहूर एक्ट्रेस समीरा रेड्डी इंटरनेट पर छाई रहती हैं। वह अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट को सोशल मीडिया पर शेयर करती नजर आती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने बॉलीवुड करियर के शुरुआती दिनों से जुड़ा भावनात्मक पल फैंस के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार जब उन्हें किसी अवॉर्ड शो में जाना था,



तो वे इतनी नर्वस और डरी हुई थीं कि वे रो पड़ी थीं। समीरा ने इंस्टाग्राम पर एक अवॉर्ड शो का पुराना वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अवॉर्ड लेती नजर आ रही हैं। उस वक्त वह बॉलीवुड में नई थीं। उन्होंने बताया कि वह काफी डरी हुई थीं और घबराहट महसूस कर रही थीं। उन्हें खुद को संभालना मुश्किल हो रहा था। इस मुश्किल पल में उन्होंने अपनी बड़ी बहन का सहारा लिया, जिन्होंने उन्हें हिम्मत दी। समीरा ने कैप्शन में लिखा, मुझे याद है जब मैं उस अवॉर्ड शो में स्टेज पर थी, तो मुझे खुद पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं था। मुझे लगता था कि मुझमें कुछ खास नहीं है। मैं बॉलीवुड में बिल्कुल नई थी। अवॉर्ड शो में जाने से पहले मैं घर पर रो रही थी। मुझे इतना डर लग रहा था कि मैंने अपनी बड़ी बहन सुषमा से कहा कि वो मेरे साथ चलें, क्योंकि मैं तब फिल्म इंडस्ट्री में किसी को ठीक से जानती भी नहीं थी। मुझे वहां सभी बड़े और प्रभावशाली लगते थे, और मैं खुद को बहुत छोटी और अकेली महसूस कर रही थी। इन सब से बाहर आने और खुद पर विश्वास करने में मुझे कई साल लग गए।

उन्होंने आगे लिखा, आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो समझ आता है कि मैंने कितनी दूर का सफर तय किया है। अब मैं अपने शरीर, दिल और आत्मा के साथ बहुत सहज महसूस करती हूं। मुझे खुशी है कि आज मुझे वैसे ही प्यार और अपनापन मिल रहा है जैसी मैं हूं। ये सच में एक आशीर्वाद है।

# जोखिम लेने से डर नहीं लगता..., सामंथा रुथ प्रभु ने बताया- कैसे बनी शुभम

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने शुभम से फिल्म निर्माण में भी कदम रख दिया है। उनकी बनाई यह फिल्म 9 मई को रिलीज होगी। इस दौरान अभिनेत्री सामंथा ने फिल्म निर्माण को लेकर अपने अनुभव साझा किए। जब सामंथा से पूछा गया कि डर नहीं लगा तो पढें उन्होंने क्या जवाब दिया...



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से जब पूछा गया कि अभिनय की तुलना में फिल्म निर्माण का अनुभव कैसे अलग रहा? इसपर उन्होंने कहा कि जब आप एक निर्माता होते हैं, तो फिल्म निर्माण के हर पहलू के बारे में सीखने का मौका मिलता है। अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने बताया कि एक अभिनेत्री के रूप में मैंने जितना कुछ सीखा था, इस फिल्म का निर्माण करते हुए मैंने उससे ज्यादा सीखा। जब आप एक निर्माता होते हैं तो फिल्म निर्माण के हर पहलू के बारे में करीब से सीखने का मौका मिलता है। इस पूरी प्रक्रिया का हिस्सा बनना मेरे लिए काफी संतोषजनक रहा।

### क्या उन्हें यह कदम जोखिम भरा नहीं लगा?

इसपर अभिनेत्री सामंथा ने जवाब दिया कि इंडस्ट्री में 15 साल बिताने के बाद, जुनून और उद्देश्य ने डर को पीछे छोड दिया है। इस उद्योग में जोखिम अपरिहार्य है। इसके बिना आप सार्थक बदलाव की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।



# रुबीना दिलैक ने दिखाया वेस्टर्न अवतार

**टीवी** इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार रुबीना दिलैक एक बार फिर अपने अलग अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनका ट्रेडिशनल लुक लोगों को जितना पसंद आता है, उतना ही पसंद वह उन्हें वेस्टर्न अवतार में भी करते हैं। फैंस की डिमांड पर रुबीना ने अपना एक और लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई रील्स को कई तस्?वीरों को मिलाकर बनाया गया है, जिसमें वह वेस्टर्न लुक में दिखाई दे रही हैं। वह मैरून कलर के गाउन में नजर आ रही हैं। इस रील को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- बस यूं ही इससे पहले उन्होंने ग्रीन कलर की साड़ी में फोटोशूट शेयर किया था, जिसमें अपने देसी अंदाज को बेहतरीन बनाने के लिए उन्होंने बालों को खुला रखा और कानों में हैवी ईयरिंग्स पहने। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- इश्क और मुश्क छिपाए नहीं छुपता। इस फोटोशूट पर एक्ट्रेस निशा रावल ने कमेंट किया था, उन्होंने लिखा- हमेशा प्यार बांटती रहो।

बता दें कि रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। इसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी कर रही थीं। इस दौरान अपनी एक फ्रेंड के कहने पर उन्होंने छोटी बहू सीरियल के लिए ऑडिशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# इंटर मिलान के खिलाफ हार के बाद भड़के बार्सिलोना कोच हैंसी फ्लिक रेफरी के फैसलों पर उठाए सवाल



एजेंसी

**मिलान :** सैन सिरो में इंटर मिलान से 4-3 की हार के बाद बार्सिलोना के चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। बार्सिलोना के मैनेजर हैंसी फ्लिक ने मैच के दौरान रेफरी के कई फैसलों पर नाराजगी जाहिर की। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और 87वें मिनट में राफिन्हा के गोल से 3-2 की बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इंजुरी टाइम में इंटर के फ्रांसेस्को एचेर्बी ने गोल कर मैच को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया। फिर घरेलू टीम के सब्स्टीट्यूट डेविडे फ्रत्तेसी ने निर्णायक गोल कर इंटर को 7-6 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में पहुंचा दिया।

**रेफरी मार्किनियाक के फैसलों पर उठे सवाल**

हैंसी फ्लिक ने पोलैंड के रेफरी सिजमोन मार्किनियाक के फैसलों की आलोचना करते हुए कहा, हर 50-50 फैसला इंटर के पक्ष में गया।

उन्होंने इंटर को दिए गए पेनल्टी पर आपत्ति जताई, जो पाओ कुबारसी के लुटारो मार्टिनेज पर टैकल के लिए वीएआर समीक्षा के बाद दी गई थी। वहीं, बार्सिलोना को मिले एक पेनल्टी को वीएआर ने यह कहते हुए बाहर का फाउल करार दिया कि मिखितारियन का यामल पर फाउल बॉक्स के बाहर हुआ था। बार्सिलोना के खिलाड़ियों और स्टाफ ने एक संभावित हैंडबॉल और डुमफ्रिज द्वारा गेरार्ड मार्टिन पर फाउल को लेकर भी आपत्ति जताई, जो इंटर के बराबरी वाले गोल के पहले हुआ।

**रेफरी से कहा जो कहना था, लेकिन यहां नहीं बताऊंगा – फ्लिक**

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लिक ने कहा, ह्लमैं रेफरी के बारे में ज्यादा नहीं बोलना चाहता, लेकिन हर फैसला उनके पक्ष में गया। मैं अपनी टीम से निराश नहीं हूं, उन्होंने सब कुछ झोंक दिया ह्व

उन्होंने आगे कहा, मैंने रेफरी को जो कहना था, कह दिया है, लेकिन मैं उसे यहां नहीं दोहराऊंगा।

**अब लक्ष्य है ला लीगा, रियल से होगा बड़ा मुकाबला**

बार्सिलोना अब कोपा डेल रे जीतने के बाद ट्रेबल की उम्मीद खो चुका है। टीम अब ला लीगा पर फोकस करेगी, जहां वह टॉप पर है और रविवार को रियल मैड्रिड के खिलाफ ह्यएल क्लासिकोह्न खेलेगी। बार्सिलोना चार अंकों की बढ़त के साथ आगे है और पिछले तीन क्लासिको मुकाबले जीत चुका है। फ्लिक ने कहा, हम इससे सीख लेंगे। हम आगे बढ़ना चाहते हैं, और हमारे पास अब ज्यादा समय नहीं है, लेकिन

# यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में इंटर मिलान की धमाकेदार एंट्री, बार्सिलोना को 4-3 से हराया

एजेंसी

**मिलान :** इंटर मिलान ने मंगलवार रात को यूईएफए चैंपियंस लीग 2024-25 के सेमीफाइनल में बार्सिलोना को एक्स्ट्रा टाइम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। दो लेग्स के कुल स्कोर में इंटर ने 7-6 से जीत दर्ज की। मिलान की बरसात में खेले गए इस मुकाबले में इटली के मिडफील्डर डेविडे फ्राटेसी ने 99वें मिनट में विजयी गोल दागा। उनका यह सातवां गोल सीजन का सबसे अहम साबित हुआ और सं सिरो स्टेडियम जश्न में डूब गया।

**सीजन में जान फूंकी, अब खिताब से एक कदम दूर**

सिमोन इनजागी की टीम अब म्यूनिख में इस महीने के अंत में होने वाले फाइनल में आर्सेनल या पेरिस सेंट-जर्मेन में से किसी एक से भिड़ेगी। इंटर के लिए यह मुकाबला सीजन का टर्निंग पॉइंट बन गया है, क्योंकि वह पहले ही इटालियन कप से बाहर हो चुका था और सीरी ए की दौड़ में भी नेपोली से पिछड़ गया है।



**बार्सिलोना की शानदार वापसी पर लगा ब्रेक**

बार्सिलोना ने पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। एरिक गार्सिया और डानी ओल्मो ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। फिर 88वें मिनट में राफिन्हा ने गोल कर बार्सिलोना को 3-2 की बढ़त दिला दी। लेकिन, इंजरी टाइम में फ्रांसेस्को एचर्बी ने डेनजेल डमफ्रिस की क्रॉस पर गोल कर मुकाबले को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।

**गोलकीपर सोमर ने दिखाई क्लास**

इंटर के स्विस गोलकीपर यान सोमर ने कई अहम मौके पर शानदार बचाव किए। उन्होंने एरिक गार्सिया और लमीन यमाल के प्रयासों को नाकाम कर मैच में इंटर की उम्मीदों को ज़िंदा रखा। अब इंटर मिलान दो साल में दूसरी बार चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा है और एक बार फिर यूरोप का ताज पहनने की दहलीज पर खड़ा है।

# शुरूआत में ऐसा लग रहा था जैसे हम टेस्ट मैच खेल रहे हों: शुभमन

एजेंसी

**मुंबई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाए, इसके बाद मैच में बारिश ने कई बार खलल डाली और अंत में गुजरात को 19 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे गुजरात ने 7 विकेट के नुकसान पर आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि जब टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो हालात टेस्ट मैच जैसे महसूस हो रहे थे। हवा तेज चल रही थी और बारिश की वजह से बल्लेबाजी करना बेहद कठिन हो गया था।

**पावरप्ले में संभलकर खेली क्रिकेट**

गिल ने कहा, पावरप्ले के दौरान हमारा गेम प्लान बिल्कुल अलग था। चार से पांच ओवर तक ऐसा लग रहा था जैसे हम टेस्ट




मैच खेल रहे हों। हमें सामान्य क्रिकेट खेलनी पड़ी। पावरप्ले के बाद सोचा कि अब अपने गेम पर लौटते हैं, लेकिन बारिश बार-बार बाधा डाल रही थी। गुजरात ने पावरप्ले में सिर्फ 29 रन बनाए, लेकिन इसके बाद गिल और जोस बटलर ने 72 रन की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। फिर गिल और शर्फेन रदरफोर्ड के बीच तेज साझेदारी भी हुई, लेकिन अचानक टीम ने 15 गेंदों में 13 रन पर 4 विकेट गंवा दिए, जिससे लय टूट गई और गुजरात डकवर्थ-लुईस स्कोर से भी पीछे हो गई।

**ड्रेसिंग रूम में छाए थे निराशा के बादल**

गिल ने कहा, उस वक्त ड्रेसिंग रूम में काफी निराशा थी, क्योंकि एक समय हम गेम में काफी आगे थे। फिर जैसे ही वो 4 ओवर का खराब सत्र आया, 13 रन पर 4 विकेट चले गए, तो ऐसा लगा जैसे कोई टेस्ट मैच का सत्र हमारे खिलाफ चला गया हो। वो समय काफी फ्रस्ट्रेटिंग था, लेकिन यूनिवर्स ने हमें एक और मौका दिया और फिर सब ठीक हो गया।

**राशिद खान की वापसी से गिल खुश**

गिल ने राशिद खान की तारीफ करते हुए कहा, ₹सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 3 ओवर में 50 रन देने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की। चोट से उबरकर वो जैसे नेट्स में मेहनत कर रहे थे और जिस तरह उन्होंने गेंदबाजी की, वो हमारे लिए बहुत अच्छा संकेत है।

# पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या का है जवाब है ऑपरेशन सिंदूर : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आज कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, ह्वविश्व को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी होगी।ह्व उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आंतकवादियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया।



## आपरेशन सिंदूर के समर्थन में बोले डॉ सरमा- नया भारत जानता है दुश्मन को कैसे जवाब देना है

**गुवाहाटी :** पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा शुरू की गई सैन्य कार्रवाई ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण को लेकर असम में राजनीतिक समर्थन बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, श्यह नया भारत है, भारत जानता है दुश्मन को कैसे जवाब देना है। वहीं, असम जातीय परिषद (एजेपी) ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरा समर्थन देने की बात कही है। पार्टी के अध्यक्ष लुरिनज्योति गोगोई और महासचिव जगदीश भुइयां ने एक प्रेस बयान में कहा, ह्वराष्ट्र की सुरक्षा के लिए शुरू हुए आतंकवाद विरोधी इस संघर्ष में हम पूरी तरह साथ हैं। हमें देश की सेना पर पूर्ण विश्वास और भरोसा है। भारतीय सेना पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा, ह्वहम भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। इस अडिग अभियान के लिए हम सैनिकों को सलाम और बधाई देते हैं। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का यही सही समय है। जय हिंद! राइजर दल के अध्यक्ष एवं विधायक अखिल गोगोई ने भी आपरेशन सिंदूर और भारत सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए जय हिंद लिखा है।

## भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : नीतीश कुमार



**पटना :** भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की चौतरफा प्रशंसा हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने भी कहा है कि भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर आज पूरा देश गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास है। सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर नीतीश कुमार ने लिखा ₹जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के 09 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। जय हिंद।

## जैश-ए-मोहम्मद का 15 एकड़ क्षेत्र में फैला मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह तबाह

**नई दिल्ली/एजेंसी :** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 सैलानियों में विधवा हुई महिलाओं की मांग से उजड़े सिंदूर का बदला लेने के लिए मंगलवार आधी रात को महज 25 मिनट के 'ऑपरेशन सिंदूर' में नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, स्कल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने बर्बाद कर दिए। इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह रहा। मरकज सुभान अल्लाह जैश-ए-मोहम्मद का सबसे महत्वपूर्ण आतंकी केंद्र था, जो बहावलपुर में 15 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। यह केंद्र पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों की योजना और प्रशिक्षण का गढ़ रहा है। मरकज सुभान अल्लाह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बहावलपुर के बाहरी इलाके में एनएच-5 कराची-तोर्क हम राजमार्ग पर कराची मोड़ के पास स्थित है।? यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य प्रशिक्षण और प्रचार केंद्र है। जैश-ए-मोहम्मद का ?यह परिचालन मुख्यालय 14 फरवरी, 2019 के पुलवामा हमले सहित कई आतंकी योजनाओं से जुड़ा हुआ है।

## नागरिकों की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करेगा भारत : धामी



एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने ट्वीट में कहा है कि भारतीय सेना ने देर रात पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। आतंकवाद पर इस कमर तोड़ कार्रवाई से हमारे वीर जवानों ने एक बार फिर पूरे देश का मस्तक ऊंचा कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का आतंकवाद पर किया गया यह हमला न सिर्फ पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या का प्रतिशोध है अपितु यह इस बात का भी परिचायक है कि कोई भी अगर हमारे देश की एकता, अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा को चुनौती देगा, तो भारत उसे उसके घर में घुसकर जवाब देने में सक्षम है।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### भोजपुरी को दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से भोजपुरी को दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा घोषित करने की मांग भोजपुरी समाज दिल्ली ने की हैं। भोजपुरी समाज दिल्ली के अध्यक्ष अजीत दुबे इस संबंध में मंगलवार को एक पत्र विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर उन्हें दिया। अजीत दुबे ने बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पूर्वांचल समाज की आबादी लगभग 28-30 फीसद है, जिसमें भोजपुरी भाषी लोगों की संख्या सर्वाधिक है। वर्ष 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की सरकार ने मैथिली-भोजपुरी अकादमी की स्थापना कर इन भाषाओं को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि भोजपुरी भाषा को विधानसभा की कार्यवाही की अधिकृत भाषा के रूप में मान्यता करने से दिल्ली के भोजपुरी भाषी समुदाय को सम्मान देने के साथ-साथ भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देगा। अजीत दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में हाल ही में हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त भोजपुरी, बुंदेलखंडी, अवधी और ब्रज भाषाओं में भी विधानसभा में संबोधन की अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए भाजपा सरकारें स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कदम उठा रही हैं।

### भारतीय वायुसेना की कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू का बंजार दौरा रद्द, आपात बैठक आहूत

**शिमला :** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई भारतीय वायुसेना की कार्रवाई के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने 7 मई (बुधवार) को प्रस्तावित बंजार दौरा रद्द कर दिया है। बदलते हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश सचिवालय में आपात बैठक आहूत की है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, बैठक में प्रदेश के उच्च अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है कि ताजा हालात को लेकर प्रदेश सरकार सतर्क है और सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आपात बैठक में गृह विभाग, पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद दून पुलिस हाई अलर्ट पर

**देहरादून :** भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद दून पुलिस हाई अलर्ट पर है। तड़के सुबह से ही जनपद के नगर और देहात क्षेत्र में संधिक्तो की तलाश के लिए वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर लगातार पूछताछ की जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून की ओर से दून पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस की अलग अलग टीमो की ओर से अर्धसैनिक बलों के साथ बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की जा रही है। दून पुलिस की अलग-अलग टीमों की ओर से अर्द्धसैनिक बलों के साथ तड़के प्रातः से ही जनपद के नगर व देहात क्षेत्रो में वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाते हुए संधिक्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। इस दौरान पुलिस की ओर से लगातार सभी थाना क्षेत्रो में निवासरत बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई करते हुए संधिक्त व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने लाया जा रहा है।

### पंजाब के पांच जिलों के स्कूल-कालेज और करतारपुर साहिब कॉरिडोर बंद

**चंडीगढ़ :** भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर चलाने के बाद पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर गश्त बढ़ा दी है। पंजाब के पांच जिलों में शिक्षण संस्थानों और करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है।मुख्यमंत्री भगवंत मान और आमआदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है। केन्द्र सरकार ने कई प्रतिबंध लागू किए गए हैं। बीती रात भारत ने पाकिस्तान स्थित कई आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की है। इसके बाद पंजाब के अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का तथा फिरोजपुर जिलों में सामान्य की भांति आज सुबह बच्चे स्कूलों में आए लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया और स्कूल बंद कर दिए गए। पंजाब सरकार के साथ बातचीत के बाद जिला उपायुक्तों ने शिक्षण संस्थानों में छुट्टी का फैसला लिया। इन जिलों में जो बच्चे हॉस्टलों में रह रहे हैं, उन्हें घर भेजा जा रहा है। इसी बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में बीएसएफ के अधिकारियों ने आपात स्थिति के लिए स्कूलों की इमारतों को खाली रखने के लिए कहा है। अभी तक खुले करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भी आज सुबह बंद कर दिया गया है। जिन लोगों ने पहले से ऑनलाइन बुकिंग करवाई हुई थी। उसे रद्द कर दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी भारी कमी आई है। पंजाब में अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बुधवार को 22 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया। सावधानी के तौर पर अमृतसर हवाई अड्डे को पहले 10 बजे तक बंद रखने के आदेश दिए गए, बाद में अब इसे 10 मई शाम 5.30 बजे तक पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

# अलवर कलक्टर की अपील: मॉक ड्रिल के दौरान घबराए नहीं, सक्रिय भागीदारी निभाएं

**अलवर :** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रस्तावित पूर्व अभ्यास के क्रम में मुख्य सचिव की ओर से दिए गए निदेर्शों और मॉक ड्रिल के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की पालना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे आज केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित हो रही सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा है कि सभी लोग इस अभ्यास का किसी भी आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा से संबंधित सबक सीखने के अवसर के रूप में उपयोग करें। जिला कलक्टर ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर ह्यहवाई हमले की स्थितिह्य से निपटने का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस क्रम में रात के समय ब्लैक आउट का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और विभागीय समन्वय की कसौटी पर खरा उतरने का पूर्वाभ्यास है, जिसमें गांव स्तर तक सभी लोगों की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य न केवल आपदा के समय प्रशासन की तैयारियों को परखना है, बल्कि आम नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना भी है। जिला कलक्टर ने कहा कि हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया जाएगा। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से विशेष रूप से इस गतिविधि में भाग लेने का आग्रह किया है ताकि आपदा की स्थिति में वे समाज के लिए मजबूत सहयोगी बन सकें। सभी नागरिकों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और विभागीय अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस अभ्यास में अपनी जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और जिले को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सशक्त बनाने में योगदान दें।

## गुवाहाटी स्टेशन पर महिला से 20 हजार डब्ल्यूवाई टैबलेट जब्त

**गुवाहाटी :** विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर, सिलचर से गुवाहाटी आ रही सिलचर-कोयंबटूर एक्सप्रेस ट्रेन में मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना मिलने पर पानबाजार थाना की एक टीम को बुधवार को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर तैनात किया गया। ट्रेन के पहुंचने पर एक संदिग्ध महिला की पहचान कर उसे हिरासत में लिया गया। कानूनी प्रक्रिया और बीएनएसएस/एनडीपीएस एक्ट के तहत स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में तलाशी ली गई, जिसमें महिला के पास से 20 हजार डब्ल्यूवाई टैबलेट बरामद किए गए। इनकी बाजार में अनुमानित कीमत चार से पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और एक हजार रुपये नकद भी जब्त किया गया। गिरफ्तार महिला की पहचान परवीना खातून बीबी (31), पत्नी हुसैन अली, निवासी सडियालेर खूटी, दिनहाटा-द्वितीय, थाना साहेबगंज, जिला कूचबिहार, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

# विन्ध्यवासिनी मंदिर परिक्रमा पथ पर भित्तिचित्रों का कार्य शुरू



श्रद्धालुओं को मिलेगा आध्यात्मिक और ऐतिहासिक अनुभव

एजेंसी

**मीरजापुर :** विन्ध्यवासिनी मंदिर के परिक्रमा पथ पर भित्तिचित्र लगाने का कार्य आरंभ हो गया है। गुजरात से आए कुशल कारीगर इन भित्तिचित्रों को परिक्रमा पथ की दीवारों पर स्थापित कर रहे हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पूर्व में जानकारी दी थी कि परिक्रमा पथ सहित प्रवेश मार्गों पर कुल 30 भित्तिचित्र लगाए जाएंगे। ये चित्र तांबे की परत से बनाए जा रहे हैं, जो न केवल कलात्मक दृष्टि से आकर्षक हैं, बल्कि मंदिर क्षेत्र की गरिमा को भी बढ़ाएंगे। इन भित्तिचित्रों में नौ देवियों के चित्रों के साथ-साथ मीरजापुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं को भी दशार्या जाएगा। इससे मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को न केवल आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त होगी, बल्कि इस क्षेत्र की भौगोलिक और ऐतिहासिक जानकारी भी मिलेगी।

# पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच में पाकिस्तान के शामिल होने के साक्ष्य मिले

एजेंसी

**नई दिल्ली:** पहलगाम हमले के जवाब में बुधवार तड़के भारतीय सशस्त्र सेनाओं का 'ऑपरेशन सिंदूर' विश्वसनीय सूचनाओं पर आधारित रहा। एयर स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तान और पीओके में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया। भारत की प्राथमिक विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के तैयार किए गए डोजियर के आधार पर बर्बाद किए गए आतंकी शिविरों का चयन किया गया। यहीं से आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में हमले करने के लिए भेजा जा रहा था।

नेशनल मीडिया सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भारतीय सेना और वायुसेना की ओर से विस्तृत जानकारी दी गई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में कहा कि 22 अप्रैल को लश्कर और पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और 1 नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। आतंकियों ने पर्यटकों को उनके परिवार के सदस्यों के सामने सिर में गोली मारी। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी रेजिस्टेंस फ्रंट नामक आतंकी समूह ने ली ।

## यूएन महासचिव ने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव पर जताई चिंता,

**नई दिल्ली :** भारत की ओर से आज पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद बढ़े सैन्य तनाव पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की ओर से गहरी चिंता जताई गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने आज कहा, ह्वमहासचिव को नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार भारतीय सैन्य कार्रवाई को लेकर गहरी चिंता है। वे दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपील करते हैं। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच किसी सैन्य टकराव की जोखिम नहीं उठा सकती। महासचिव ने दो दिन पहले पहलगाम आतंकी हमले पर भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि नागरिकों को निशाना बनाना किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है और दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद की भावनाएं वे समझते हैं। वे उस हमले की कड़ी निंदा और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं।

# विश्व आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर काम करे : विदेश मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विदेशमंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर पर भारत के हमलों के संदर्भ में कहा है कि दुनिया को आतंकवाद पूरी तरह अस्वीकार करने की नीति पर काम करना चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक लाइन में विदेश मंत्री ने कहा, ह्वदुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति दिखानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वाशिंगटन डीसी



स्थित भारतीय दूतावास ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत ने सीमित और सटीक कार्रवाई करते हुए आज पाकिस्तान और उसके अधिकृत कश्मीरी क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया। वक्तव्य के अनुसार इन हमलों में किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ढांचे को क्षति नहीं पहुंचाई गई। इस बयान में कहा गया कि उम्मीद थी कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। दो सप्ताह बीतने के बाद पाकिस्तान ने इनकार और झूठे दावों के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

# सराफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सराफा बाजारों में सोना आज 500 रुपये से लेकर 540 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा होकर एक बार फिर एक लाख रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये से लेकर 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,750 रुपये से लेकर 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार




कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मप्र में 10 मई तक बदला रहेगा मौसम, भोपाल-ग्वालियर में तेज आंधी का अलर्ट, कई जिलों में बारिश के आसार

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में पिछले दो दिनों से मौसम बदला हुआ है। कहीं आंधी तो कहीं बारिश का दौर जारी है। कुछ जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 10 मई तक ओले-बारिश और आंधी का सिस्टम एक्टिव रहेगा। आज बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में तेज आंधी चलेगी, जबकि इंदौर में बारिश हो सकती है। तीन जिले-अलीराजपुर, धार, झाबुआ में ओले गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला हुआ है।



मंगलवार को कई जिलों में बारिश हुई। बुधवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 10 मई तक के लिए अलर्ट जारी किया गया है। जिन जिलों में बुधवार को मौसम बदला रहेगा, उनमें शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हवा की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा से अधिक रह सकती है। श्योपुर, मुरैना, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, देवास, नरसिंहपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर और डिंडौरी भी आंधी-बारिश होगी। इससे पहले मंगलवार को भी प्रदेश में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहा। इंदौर में करीब एक इंच बारिश हो गई। लगातार तीसरे दिन इंदौर में तेज बारिश हुई। बदले मौसम की वजह दिन के तापमान में खासी गिरावट आई। मंगलवार को एक भी शहर ऐसा नहीं रहा, जब दिन का तापमान 40 डिग्री या इसके पार पहुंचा हो। सबसे गर्म नरसिंहपुर और खजुराहो रहे। यहां तापमान 39.4 डिग्री रहा। मंडला में 39 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में 32.5 डिग्री, भोपाल में 34.6 डिग्री, इंदौर में 32.4 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री और जबलपुर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। यहां 32 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 32.2 डिग्री, गुना में 32.5 डिग्री और शाजापुर में तापमान 32.7 डिग्री रहा।

न्यूज ब्रीफ

## विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर 8 मई को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

गुमला : विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 8 मई 2025 को सदर अस्पताल, गुमला स्थित ब्लड सेंटर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। ब्लड सेंटर, सदर अस्पताल, गुमला द्वारा आयोजित इस शिविर में जिले के सभी सामाजिक संगठनों एवं नियमित रूप से रक्तदान करने वाले नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर इस पुण्य कार्य में भाग लें।

आपके द्वारा दिया गया रक्त थैलेसीमिया एवं सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीजों के लिए जीवनदान साबित होगा।

इस अवसर पर हमारे उपायुक्त गुमला भी स्वयं रक्तदान करेंगे और आमजन को प्रेरित करेंगे।

आइए, इस नेक पहल में शामिल होकर जरूरतमंदों को नया जीवन देने का संकल्प लें।

## मनरेगा से संबंधित सोशल ऑडिट सह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**हंटरगंज (चतरा) :** प्रखंड के उरैली पंचायत सचिवालय में मनरेगा से संबंधित सोशल ऑडिट सह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य रिता देवी एवं यूरी मेंबर के सदस्य रोशन कुमार ,मजदूर जयद्रथ सिंह के अलावा जेएसएलपीएस पंचायत सचिव पिंकी कुमारी रोजगार सेवक अनुप समदर्शी तथा प्रखंड से पर्यवेक्षक के रूप में युगेश कुमार शर्मा शामिल हुए। इस मौके पांच दिनों से चल रहे मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का किया गया ऑडिट रिपोर्ट जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया। विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्य का ब्यौरा ,आय ब्यय और त्रुटियां जैसे मामले को रखा गया ।जिसमें पाए गए त्रुटियों को यूरि मेंबर के द्वारा आर्थिक दंड लगाया गया तथा कुछ प्रखंड कार्यालय को सूपूर्द किया गया ।इस मौके पर उप मुखिया विवेक कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पंचायत सचिव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## वक्फ सुधार को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने चलाया जन जागरण अभियान

**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मंगलवार को गोलमुरी स्थित खालसा क्लब में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अजय साह शामिल हुए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा सहित कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मौजूद रहे ।कार्यशाला में अजय साह ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की विशेषताओं और लाभों को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि यह अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल पोर्टल के माध्यम से वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण, ऑडिट और निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन पर रोक लगेगी ।उन्होंने

यह भी कहा कि नए कानून के तहत मुस्लिम महिलाओं को वक्फ बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिलेगा और बोहरा, अहमदिया जैसे अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदायों की पहचान और अधिकारों की रक्षा की जाएगी। इसके अलावा, वक्फ संपत्तियों से अवैध कब्जा हटाकर बोर्ड का राजस्व बढ़ाया जाएगा, जिसका उपयोग मस्जिद, मदरसा, अस्पताल और स्कूल जैसी कल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा।

## श्याम अखंड ज्योति पाठ में होगा रास लीला, जन्मोत्सव और शीश का दान

**जमशेदपुर :** भालुबासा स्थित हरिजन स्कुल मैदान में हो आगामी 11 मई रविवार को आयोजित होने वाले भव्य श्याम महोत्सव में श्याम अखंड ज्योति पाठ हेतु पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर कूपन वितरण का कार्य शुभारंभ कर दिया गया हैं। इस श्याम महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू तथा पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता शामिल होगी। पाठ के दौरान रास लीला के माध्यम से बाबा श्याम के बारे में विस्तार से प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें बाबा श्याम का जन्मोत्सव और शीश का दान भी होगा। पाठ का वाचन करने के लिए घुसडी धाम, कोलकाता से दलजीत सिंह-गुरप्रीत सिंह ग्रुप आ रहे हैं।

इसका आयोजन शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भक्त मंडल भालुबासा द्वारा किया जा रहा हैं। श्याम अखंड ज्योति पाठ सुबह 08 बजे से शुरू होगा, जिसमें 501 महिलाएं शामिल होगी। गर्मी के कारण पाठ में बैठने वालों के लिए शीतल पेय, लस्सी, खरबूजा, फल अल्पाहार आदि के इंतजाम रहेंगें, ताकि किसी श्याम भक्त को असुविधा नहीं हो। सामूहिक पाठ की तैयारी में प्रभारी बसंत अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, ऊषा गुप्ता आदि लगे हुए हैं।

## नौकरानी के बैंक खाते में ढाई करोड़ मंगा कर चंपत हो गई महिला

**धनबाद :** पुलिस लाइन में रहनेवाली एक नौकरानी को सरकारी लाभ दिलाने का झांसा देकर एक अंजान महिला ने उसका बैंक खाता खुलवाया। इसके बाद खाते में अवैध रूप से ढाई करोड़ रुपए मंगाए और किस्तों में रुपए निकाल कर महिला चंपत हो गई। इतनी बड़ी लेन-देन की जानकारी मिलने पर बैंककर्मी नौकरानी को खोजते हुए उनके घर पहुंचे। बैंककर्मी से नौकरानी के खाते में ढाई करोड़ रुपए के लेन-देने की जानकारी मिली। पुलिस लाइन बाउरीपाड़ा एचडीएफसी बैंक के पास रहने वाली मंटू बाउरी की पत्नी अपर्णा देवी (नौकरानी) ने मामले की शिकायत धनबाद साइबर थाना में की है। अपर्णा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र सरायढेला शाखा में उनके बैंक खाते से ढाई करोड़ रुपए का अनधिकृत लेन-देन हुआ है।

अपर्णा ने बताया कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है। घरों में चूल्हा-चौका और सफाई का काम कर अपने परिवार का पेट पालती हैं। छह माह पहले रीता राय उर्फ गीता देवी नामक एक महिला उन्हें मिली थी। रीता ने बताया था कि वह नूतनडीह सेंट्रल अस्पताल के पास रहती है। उसने अपर्णा को पांच हजार रुपए प्रति माह सरकारी सहायता दिलाने की बात कही। बताया कि इसके लिए बैंक खाता खुलवाना पड़ेगा। --- रीता ने दो हजार रुपए देकर नौकरानी का खुलवाया था खाता अपर्णा ने पुलिस को बताया कि खाता खुलवाने के लिए भी उनके पास पैसे नहीं थे। रीता ने ही खाता खुलवाने के लिए उन्हें दो हजार रुपए दिए थे। 18 अक्तूबर 2024 को खाता खुला। खाता खुलने के बाद बैंक की ओर से उन्हें पासबुक और एटीएम कार्ड दिए गए थे। कार्ड और पासबुक वाला लिफाफा लेकर वह अपने घर आ गई थीं। --- नौकरानी की पुत्री से रीता ने ले लिया पासबुक व एटीएम अपर्णा ने पुलिस को बताया कि खाता खुलने के बाद रीता राय उनके घर आई। उस समय वह घर पर नहीं थी। पुत्री मोनिका कुमारी से रीता ने बताया कि सरकारी लोन के लिए एटीएम और पासबुक की जरूरत है। एटीएम और पासबुक लेने के बाद वह गायब हो गई। कई बार अपर्णा ने गीता के संबंध में पता लगाने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। --- फोटो और मनी ट्रेलिंग से हो रही रीता राय की तलाश अपर्णा के रीता उर्फ गीता का एक फोटो पुलिस को दिया है। पुलिस ने महिला की तस्वीर के जरिए उसकी तलाश शुरू की है। सेंट्रल अस्पताल के पास गीता के रहने की पुष्टि नहीं हो पाई है। जिन खातों में रुपए ट्रांसफर कराए गए हैं, यानी मनी ट्रेलिंग के जरिए पुलिस गीता तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। रकम बड़ी है, लिहाजा मामला रांची साइबर सेल की भी इसमें मदद ली जा सकती है।

# संयुक्त सचिव ने थैलेसीमिया एवं वेलनेस सेंटर का किया निरीक्षण

### गुमला मॉडल गोट कॉर्नर का किया उद्घाटन

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी , भारत सरकार अमित सतीजा ने अपने गुमला प्रवास के दौरान आज सदर अस्पताल परिसर स्थित थैलेसीमिया सिक्कल सेल ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं वेलनेस सेंटर का अवलोकन किया। यह केंद्र क्ळठ्ळउ के सहयोग से द वॉशिंग फैक्ट्री द्वारा संचालित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान सतीजा ने सेंटर की संपूर्ण कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की और वहां उपचार हेतु आए बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे चिकित्सीय सहयोग की सराहना की तथा इस केंद्र की साफ-सुथरी और सुव्यवस्थित व्यवस्था की प्रशंसा की। उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने



उपस्थित बच्चों से बातचीत की और कहा कि किसी भी स्थिति में रक्त की कमी नहीं होने दी जाएगी। अति आवश्यक परिस्थिति में स्वयं रक्तदान करने की भी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इसके उपरांत सतीजा ने चंदाली स्थित समाहरणालय भवन के समीप गोट ट्रस्ट ऋद्धड की महिलाओं द्वारा संचालित नव-निर्मित गुमला मॉडल गोट कॉर्नर का उद्घाटन किया। यह पहल उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के उज्जना बिज्जना अभियान के अंतर्गत आरंभ की गई है, जिसका उद्देश्य जिले में महिला उद्यमियों और नवाचारों को बढ़ावा देना है।

यह गोट कॉर्नर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा महिलाओं के छोटे- स्तरीय व्यवसायों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहन और आवश्यक समर्थन प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने व्यवसाय को उच्च स्तर तक ले जा सकें।

सतीजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और महिलाओं की भागीदारी से जिले में आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी।

महिलाओं ने बताया कि वे गोट कॉर्नर की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखेंगी। साथ ही, वेस्ट मटेरियल का उपयोग बायोगैस उत्पादन में किया जाएगा, बचा हुआ मीट फ्रिज में संरक्षित किया जाएगा, तथा हड्डी और मांस को अलग करने के लिए विशेष मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने अपनी कार्य प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान परियोजना निदेशक क्ळऊअ, उद्धट खरछढर, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरा सीता सी नाला विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### ग्रामीणों से भी की मुलाकात

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में स्थित सिरा सीता सी नाला क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा का गुमला आगमन हुआ। अपने दौरे के दौरान मंत्री ने संबंधित विकास स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने चैनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) तथा थाना प्रभारी



सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर विकास कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। मंत्री चमरा लिंडा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और क्षेत्र में प्रस्तावित विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि संबंधी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी ग्रामीण को इन कार्यों से कोई आपत्ति न हो और उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त हो। ग्रामीणों ने भी सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री ने विश्वास जताया कि सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की यह विकास परियोजना गुमला जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।

# लोगों के बीच लोकप्रिय डीएसपी के रूप में पहचाने जाते हैं प्रकाश सोय

बिनय मिश्रा

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय एक ऐसा नाम है जो आम लोगों के बीच सहज सरल और मृदुभाषी पुलिस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं वहीं अपराधी और नशा कारोबारियों के लिए खौफ का पर्याय हैं। नशा कारोबारियों को पकड़ने टोटो में बैठकर उनतक पहुँच कर उन्हें गिरफ्तार करने के साथ साथ अपराध करने वाले और अपराधियों को उन्होंने स्पष्ट संदेश भी दिया है कि अपराधी कितने भी शातिर और चालाक क्यों नहीं हों पुलिस के हाथों से कदापि बच नहीं सकते।

श्री सोय सामाजिक कार्यों एवं दायित्वों का भलीभाँति निर्वहन का कार्य किया है। श्री सोय 12 वें पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली 31 मई 2022 को अपना पदभार



ग्रहण किया और अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में लोकप्रिय पुलिस उपाधीक्षक के रूप में अपनी जबरदस्त पहचान बनाई। इसी का यह सुखद और उपलब्धि भरा कार्यों का परिणाम है कि उन्हें पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से सम्मानित भी किया गया। उन्हें यह सम्मान नक्सल विरोधी अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मिला है। ये पदक केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रदान किया गया है। विदित हो कि झारखंड में चल रहे नक्सल विरुद्ध अभियान में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय की बड़ी और सराहनीय भूमिका रही है।

## पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**चतरा :** सदर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त मुजीबुर रहमान उर्फ मोजू मियां के महुआ चौक स्थित घर में इश्तेहार चिपकाया।इश्तेहार थाना प्रभारी विपिन कुमार के नेतृत्व में ढोल बजा कर किया गया। साथ ही अविलंब न्यायालय या थाना में सरेंडर करने की चेतावनी दी गई।थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ सदर थाना कांड संख्या 356/22 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है।वह लंबे समय से फरार चल रहा है।न्यायालय के आदेश पर उसके महुआ चौक घर के अलावा रहमत नगर स्थित दूसरे घर व केशरी चौक में इश्तेहार चिपकाया गया। साथ ही सरेंडर करने चेतावनी दी गयी। एक माह के अंदर सरेंडर नहीं करने पर न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक राहुल सिंह, महिला पुलिस अवर निरीक्षक फिरदौस नाज व कई जवान शामिल थे।

# उपायुक्त ने सुनी आम जनता की समस्याएं, निदान का दिया निर्देश

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की गई। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त गुमला के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

पलमा से गुमला राष्ट्रीय राज्यमार्ग 43 में सिलाफारी बस स्टैंड के समीप सड़क निर्माण कार्य अधूरा करके छोड़ने के संबंध में ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गए। इनका कहना है कि निर्माण कार्य अधूरा रहने से ग्रामीणों एवं ( विशेषकर बुजुर्गों) को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए



गए।

कोजा पंचायत अंतर्गत रमजा गलगुटरी में पेयजल समस्या व्याप्त है।ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने उक्त गांव में एक डीप बोरिंग कराने हेतु आवेदन दिया है। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, रोजगार,आर्थिक सहायता, जमीन मापी,सड़क,नाली,अबुआ आवास,राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी , मानदेय भुगतान, पारिवारिक पेंशन,आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन,पारिवारिक विवाद, आपदा प्रबंधन से मुआवजा राशि, पी एम आवास , ट्रांसफर के संबंध में, डीप बोरिंग,नौकरी एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन आये। आज उपायुक्त गुमला ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## रघुवर दास ने कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को बताया राजनीतिक नाटक

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंगलवार को कांग्रेस की ह्वसंविधान बचाओ रैली को एक ह्वराजनीतिक नाटकह्व करार देते हुए आरोप लगाया कि यह देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिनके हाथों संविधान को सबसे अधिक क्षति पहुंची, वे आज संविधान की दुहाई देकर भ्रम फैला रहे हैं।अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए दास ने 1975 की आपातकाल की याद दिलाई और कहा कि उस समय कांग्रेस ने अनुच्छेद 14, 21 और 32 जैसे मौलिक अधिकारों को निलंबित कर हजारों लोगों को जेल में डाल दिया था। उन्होंने कहा, ह्वमैं स्वयं गया सेंट्रल जेल में बंद रहा हूं, तब कांग्रेस को संविधान की याद क्यों नहीं आई?ह्वदास ने कांग्रेस पर डॉ. अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें भारत रत्न का सम्मान कांग्रेस के सत्ता से हटने के बाद ही मिला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दो बार अंबेडकर को चुनाव में हराने की साजिश की।धर्मांतरण



के मुद्दे पर रघुवर दास ने कहा कि कांग्रेस के समर्थन से चल रही झारखंड सरकार में धर्मांतरण बढ़ा है, जिससे आदिवासी अस्मिता खतरे में है। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस सरकार पर आदिवासी नेताओं की विरासत से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।उन्होंने झारखंड के एक मंत्री द्वारा शरीयत को संविधान से ऊपर बताए जाने के बयान पर कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा और कहा कि अगर कांग्रेस संविधान को सर्वोपरि मानती है, तो ऐसे मंत्री को बर्खास्त करे या सरकार से समर्थन वापस ले।दास ने कहा कि भाजपा संविधान की वास्तविक रक्षक है और मोदी सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, दलित वर्गों के अधिकारों को बहाल किया है, जिससे कांग्रेस बेचैन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने उजागर हो चुका है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत संरचना पर ही खर्च हो डीएमएफटी की राशि : सांसद

मेट्रो रेज संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष डीएमएफटी, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), लोहरदगा के शासी परिषद की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सदस्य के रूप में श्री सुखदेव भगत, माननीय सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र शामिल हुए।

बैठक में सांसद विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधियों, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्डों व शहरी क्षेत्रों से प्राप्त योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिला के 10+2 विद्यालयों में विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति, लैब तकनीशियन, स्वास्थ्य विभाग के लिए मानव बल की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। गांवों की योजनाओं के लिए योजनाएं ग्राम सभा से पारित कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

सांसद ने बैठक में कहा कि डीएमएफटी की राशि जिला के शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत संरचना के सुदृढ़िकरण पर ही खर्च होना चाहिए। जहां भी खनन हो रहा है उसके 25 किमी



के दायरे में क्षेत्र के विकास में डीएमएफटी की राशि खर्च हो। बगड़ू व पाखर क्षेत्र के लोगों के लिए गर्मी के दिनों में हो रही पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज पानी के टैंकरों की व्यवस्था करे। साथ ही अगर जन प्रतिनिधि अपनी समस्या लेकर हिंडाल्को का कार्यालय जाते हैं तो उनकी समस्या सुनी जाए और जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। जिला,प्रखण्ड व विभिन्न महाविद्यालयों में निर्मित पुस्तकालयों के लिए क्रय किये गये पुस्तकों का बेहतर इस्तेमाल हो ताकि छात्र-छात्राओं व वहां अध्ययन करनेवालों को उसका भरपूर लाभ मिल सके। होमी जहांगीर भाभा संस्थान का बेहतर उपयोग के साथ-साथ उसकी मॉनिटरिंग की जाए। डीएमएफटी कोष का उपयोग लचीला हो ताकि जिस क्षेत्र में आवश्यकता हो उसमें उस राशि का इस्तेमाल किया जा सके। जिस क्षेत्र में कमी है उससे संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता जा सके। आज की बैठक में विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल द्वारा किस्को में दो स्थानों पर पथ निर्माण व पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए योजना व बीएस कॉलेज पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव दिया गया। विशुनपुर विधायक प्रतिनिधि अजहर इकबाल द्वारा प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालयों में पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।